


राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ




वर्ष 15, अंक 55 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये दुर्ग, बुधवार 31 दिसंबर 2025 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### कार चेकिंग में पकड़ाए 1 करोड़ 18 लाख- डिक्की में कैश ले जा रहे थे 3 युवक, इनकम टैक्स को दी सूचना

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में पुलिस ने कार से 1 करोड़ 18 लाख रुपए पकड़ा है। वाहन चेकिंग के दौरान बड़े पैमाने पर यह रकम जब्त हुई है। पुलिस ने पैसे लेकर जा रहे 3 युवकों को भी हिरासत में लिया है। दरअसल, कनाडिया पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान एक कार की डिक्की से 1 करोड़ 18 लाख रुपए बरामद हुए। पुलिस ने पैसे लेकर जा रहे तीन लोगों से इस बारे में पूछताछ की तो वे इसका जवाब नहीं दे सके। पुलिस ने कैश जब्त कर इनकम टैक्स विभाग को सूचित कर दिया है।

### कुरुक्षेत्र थीम पार्क में मिली सिर कटी लाश, पास पड़ा मिला खून से सना चाकू, हत्या की आशंका

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में मंगलवार सुबह एक सनसनीखेज घटना सामने आई। थीम (केशव) पार्क में एक व्यक्ति की सिर कटी लाश मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव के पास ही एक खून से सना चाकू भी बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया है। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन सिर न मिलने के कारण अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव की हालत और मौके से मिले सबूत

पुलिस के अनुसार, शव थीम पार्क में बने स्टेज के पीछे पड़ा मिला। मृतक ने नीले रंग का लोअर और स्वेटशर्ट पहन रखी थी। उसके पेट पर खींचने जैसे निशान भी पाए गए हैं। शव के आसपास कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। थाना कृष्णा गेट के स॥ह बलजीत सिंह ने बताया कि मौके से बरामद चाकू पर खून के निशान मिले हैं। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि चाकू नया प्रतीत हो रहा है और आशंका है कि इसी से वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल लोकेशन डेटा की भी जांच की जा रही है, ताकि मृतक की पहचान और घटना की कड़ी जोड़ी जा सके।

फिलहाल पुलिस हत्या के हर पहलू से जांच कर रही है। इलाके में दहशत का माहौल है और लोग इस घटना से सहमे हुए हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण और कोहरे का डबल अटैक, विजिबिलिटी शून्य, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सर्दी के साथ-साथ प्रदूषण और घने कोहरे से हालात बेहद गंभीर हैं। लगातार दो दिनों तक अत्यधिक कोहरे की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) कई इलाकों में 450 के पार पहुंच गया है। हालात इतने खराब रहे कि बीती रात कई इलाकों में विजिबिलिटी शून्य दर्ज की गई, जिससे सड़क, रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। दिल्ली के विभिन्न वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों के आंकड़ों के अनुसार, आनंद विहार में एक्यूआई 451, अशोक विहार में 433, रोहिणी में 446, वजीरपुर में 449 और चांदनी चौक में 432 दर्ज किया गया। वहीं, डीटीयू दिल्ली में एक्यूआई 411, सिरीफोर्ट में 410, शादिपुर में 401, पंजाबी बाग में 426, सोनिया विहार में 421, बवाना में एक्यूआई 368, अलीपुर में 379 और विवेक विहार में 380 दर्ज किया गया। ये सभी आंकड़े %अत्यंत खराब% श्रेणी में आते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक माने जाते हैं। नोएडा और गाजियाबाद में भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। नोएडा के सेक्टर-1 में एक्यूआई 433, सेक्टर-125 और सेक्टर-116 में 388 दर्ज किया गया। वहीं, सेक्टर-62 में 372 दर्ज किया गया। गाजियाबाद की अगर हम बात करें तो, वसुंधरा में एक्यूआई 459 तक पहुंच गया, जबकि संजय नगर में 393, इंदिरापुरम में 382 और लोनी में 360 रिकॉर्ड किया गया। इससे साफ है कि पूरा एनसीआर प्रदूषण की चपेट में है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 30 दिसंबर को सुबह के समय %अत्यंत घना कोहरा% और दोपहर तक %घना कोहरा% छाए रहने का पूर्वानुमान है। इस दिन अधिकतम तापमान 21 डिग्री और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि आर्द्रता 100 प्रतिशत तक पहुंच गई। 31 दिसंबर को भी सुबह घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है।

हालांकि, 1 जनवरी को हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है, जिससे प्रदूषण और कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। घने कोहरे के चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हाईवे पर रफ्तार बेहद धीमी रही है। कई जगह जाम की स्थिति है और दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया।

कश्मीर में आतंकी गतिविधि वजह बनेगी; दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई

# 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव, अमेरिकी थिंक टैंक का दावा

**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका के बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है। छ्स्न्क्र की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की संभावना है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं।

इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम के बाद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं।

उधर पाकिस्तान ने भी तुर्किये और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए बातचीत शुरू की है, ताकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आई कमजोरियों को दूर किया जा सके।

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष की भी आशंका

रिपोर्ट में एक और बड़े खतरे की ओर इशारा किया गया है। छ्स्न्क्रके मुताबिक, 2026 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी सशस्त्र संघर्ष की संभावना है। हालांकि इसका असर अमेरिकी हितों पर कम होगा।

अक्टूबर में 2600 किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन पर पाकिस्तान और तालिबान शासित अफगानिस्तान के बीच भीषण झड़पें हुई थीं। दोनों देशों की सेनाओं ने कई इलाकों में एक-दूसरे पर गोलीबारी की थी और सीमा चौकियां तबाह होने के दावे किए थे। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### अमेरिकी नीति निर्धारकों के लिए चेतावनी

CFR की यह रिपोर्ट अमेरिकी विदेश नीति विशेषज्ञों के सर्वे पर आधारित है। इसका मकसद अमेरिकी नीति-निर्माताओं को उन क्षेत्रों के बारे में सतर्क करना है, जहां भविष्य में संघर्ष भड़क सकता है। रिपोर्ट में संघर्षों को तीन श्रेणियों टियर-1, टियर-2 और टियर-3 में बांटा गया है, ताकि यह समझा जा सके कि कहां संघर्ष की संभावना और उसका असर कितना गंभीर हो सकता है।

रिपोर्ट यह संकेत देती है कि दक्षिण एशिया आने वाले सालों में एक बार फिर बड़े भू-राजनीतिक तनाव का केंद्र बन सकता है, जिसमें भारत-पाकिस्तान और पाकिस्तान-अफगानिस्तान दोनों मोर्चों पर हालात बिगड़ने का खतरा बना हुआ है।

रूस-यूक्रेन युद्धः 2026 में रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध और तेज हो सकता है। दोनों देश एक-दूसरे के शहरों और अहम ढांचों पर हमले बढ़ा सकते हैं। इससे यूरोप की सुरक्षा पर बड़ा असर पड़ेगा और अमेरिका के सीधे दखल की आशंका भी बनी रहेगी।

## पंजाब विधानसभा में मनरेगा पर स्पेशल सेशन, आप विधायक मजदूरों के पत्र लेकर पहुंचे, मजदूरों को भी कार्यवाही देखने का न्योता

**चंडीगढ़ ( एजेंसी )।** पंजाब विधानसभा में आज केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के मुद्दे पर विशेष सत्र (स्पेशल सेशन) बुलाया गया है। सत्र की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू होगी। इससे पहले आम आदमी पार्टी के विधायक मनविंदर सिंह ग्यासपुरा मनरेगा मजदूरों के पत्र हाथ में लेकर विधानसभा पहुंचे। खास बात यह रही कि मजदूरों को भी विधानसभा की कार्यवाही देखने के लिए आमंत्रित किया गया है। 4 साहिबजादों को दी जाएगी श्रद्धांजलि सत्र की शुरुआत में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों की अतुलनीय शहादत को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद पूर्व राज्यपाल शिवराज चौहान, पूर्व मंत्री जगतार सिंह मुल्तानी, पूर्व राज्य मंत्री तारा सिंह लाडल और पूर्व विधायक तारलोचन सिंह को श्रद्धांजलि दी जाएगी ।सदन में कुल 9 रिपोर्टें भी पेश की जाएंगी।

मनरेगा पर प्रस्ताव होगा पेश

सत्र के अंत में मनरेगा को लेकर एक प्रस्ताव रखा जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार से मांग की जाएगी कि मनरेगा की अधिकार-आधारित और पूरी तरह केंद्र-प्रायोजित व्यवस्था को बरकरार रखा जाए। साथ ही नए कानून की विवादित धाराओं पर पुनर्विचार की मांग की जाएगी।

प्रस्ताव के मुख्य बिंदु

मनरेगा को विकसित भारत ङ्क गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 से बदलने के फैसले की निंदा।

बजट सीमा से रोजगार गारंटी को जोड़ने पर आपत्ति।

60-40 केंद्र-राज्य फंडिंग से राज्यों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का विरोध। डिमांड-ड्रिवन सिस्टम खत्म होने से समय पर काम और भुगतान न मिलने की आशंका।

## 14 वर्षों से भय और भ्रष्टाचार, बंगाल की पहचान बना हुआ है : अमित शाह

**कोलकाता ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के तीन दिन के दौरे पर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ममता सरकार पर जोरदार हमला बोला। शाह ने कहा आज 30 दिसंबर हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का दिन है। आज ही के दिन 1943 में बंगाल के सुपुत्र और देश के महान स्वतंत्रता सेनानी नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने पोर्ट ब्लेयर में पहली बार आजाद भारत का झंडा फहराने का काम किया था। हमारे आजादी के संग्राम का ये बहुत महत्वपूर्ण मकाम था। आज जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं तो बंगाल के लिए भी आज से लेकर अप्रैल तक का समय बहुत महत्वपूर्ण है। अप्रैल में बंगाल के विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं। भय, भ्रष्टाचार, कुशासन और घुसपैठ की जगह विरासत, विकास और गरीब कल्याण की





एक मजबूत सरकार बनाने का बंगाल की जनता का संकल्प दिखाई पड़ता है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ममता बनर्जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के कारण पूरे पश्चिम बंगाल में विकास थम गया है। मोदी जी द्वारा शुरू की गई सभी फायदेमंद योजनाएं यहां टोल सिंडिकेट का शिकार हो गई हैं। पिछले 14 सालों से डर और भ्रष्टाचार पश्चिम बंगाल की पहचान बन गए हैं... 15 अप्रैल 2026 के बाद, जब पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनेगी, तो हम बंग गौरव और बंग संस्कृति को फिर से ज़िंदा करेंगे... यह %बंग भूमि% हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि भाजपा का गठन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया था, जो यहां के एक बड़े नेता थे। अमित शाह ने कहा, भाजपा के सभी कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल की जनता को आश्वासन देना चाहते हैं और वादा भी करना चाहते हैं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बंगाल में भाजपा की सरकार बनने के साथ ही यहां की विरासत को हम पुनर्जीवित करेंगे... एक ऐसी मजबूत राष्ट्रीय ग्रीड बनाएंगे जो बंगाल से घुसपैठ को समाप्त कर देगी। इंसान छोड़ दीजिए परिंदा भी पर नहीं मार पाए हम इस प्रकार की ग्रीड की रचना करेंगे। ना केवल घुसपैठ रोकेंगे, सारे घुसपैठियों को चुन-चुन कर भारत के बाहर निकालने का काम भी भाजपा सरकार करेगी।

## दर्दनाक हादसा : अल्मोड़ा में खाई में गिरी बस, 7 की मौत-कई घायल, प्रशासन बचाव कार्य में जुटा

**अल्मोड़ा ( एजेंसी )।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में आज सुबह एक भयंकर हादसा हो गया। जहां यात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई, जिससे 7 लोगों की मौत हो गई है। हादसा भिकियासैंण-रामनगर मार्ग पर शीलापानी (विनायक क्षेत्र) के पास सुबह करीब 8 बजे हुआ, जिसकी दूरी भिकियासैंण से लगभग 4 किलोमीटर आगे है। जानकारी के मुताबिक बस में लगभग 12 लोग सवार थे।

बस द्वाराहाट-भिकियासैंण-बासोट होते हुए रामनगर की ओर जा रही थी। हादसे में कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। हालांकि मृतकों की संख्या की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। लेकिन कुछ सुत्रों के हवाले से मृतकों को संख्या 7 हो सकती है।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर उपजिलाधिकारी भिकियासैंण याक्षी अरोड़ा, थानाध्यक्ष भतरौंजखान अवनीश कुमार और उप निरीक्षक संजय जोशी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। एम्बुलेंस सेवा और आपदा प्रबंधन की टीमें भी राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

## कुलदीप सेंगर विवाद पर बेटी का बड़ा दावा, पिता बेकसूर, सिर्फ कहानियां बनाई जा रहीं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में इन दिनों उन्नाव रेप केस की चर्चा एक बार फिर जोरों पर है। पीड़िता को न्याय दिलाने की मांग सड़कों से लेकर सोशल मीडिया तक तेज हो गई है। इस बीच दोषी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की बेटी ऐश्वर्या सेंगर ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता निर्दोष हैं और उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। ऐश्वर्या ने कहा कि अगर मेरे पिता ने आंख उठाकर भी देखा हो तो उन्हें फांसी की सजा देनी चाहिए। ऐश्वर्या सेंगर का यह बयान उस वक्त आया है, जब हाल ही में दिल्ली हाईकोर्ट ने सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित कर जमानत दी थी, जिसके खिलाफ



व्यापक विरोध हुआ। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस फैसले पर स्टे लगा दिया। ऐश्वर्या सेंगर ने कहा कि आठ साल से न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। हम सारे सबूत लेकर घूम रहे हैं। कोई सबूत दिखा दे कि मेरे पिता ने आंख उठाकर भी देखा है, तो फांसी की सजा दीजिए। इस केस के फैक्ट्स को लगातार इग्नोर किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया है कि पीड़िता ने घटना के समय को बार-बार बदला है। सीबीआई ने सीडीआर भी निकाला है, जिसमें साबित होता है कि मेरे पिता घटनास्थल पर नहीं थे। सारे सबूत और डॉक्यूमेंट्स मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर एक अलग जंग छिड़ी हुई है। सभी पीड़िता का पक्ष देख रहे हैं, लेकिन हमारा पक्ष कोई नहीं देख रहा है कि हमें किन-किन चीजों से जूझना पड़ रहा है। सोशल मीडिया से लेकर सड़क तक हमें बुरा बताया जा रहा है। मेरे पिता को पावरफुल बताया जा रहा है, जबकि उन्हें पार्टी से निकाला जा चुका है। हमारे परिवार के साथ क्या हो रहा है, आज हमें कितना कुछ सुनना पड़ रहा है। यह हम ही जानते हैं। मैं वकील के तौर पर इस केस में सीनियर वकीलों की मदद कर रही हूं। उन्होंने हाईकोर्ट के फैसले पर कहा कि बीते आठ साल में एक ऐसा पल आया था, जब हमें राहत मिली। हाईकोर्ट ने कानूनी बिंदुओं पर फैसला दिया था, वहां भी सारे बिंदुओं पर चर्चा हुई। हमें कोर्ट पर भरोसा है। उन्होंने अपील की है कि सिर्फ लोगों की भावनाएं एक पक्ष की ओर क्यों हैं। उन्होंने पीड़िता के उस बयान का खंडन किया, जिसमें दावा किया जा रहा है कि कुलदीप सेंगर के परिवार से जान को खतरा है।

ऐश्वर्या सेंगर ने कहा कि वह (पीड़िता) सिर्फ कहानियां बना रही हैं, जबकि वह सीआरपीएफ की सुरक्षा में हैं। वे नहीं चाहते कि मेरे पिता वापस आएं, लेकिन हम कभी उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। सोशल मीडिया पर मैंने पढ़ा है कि हमने एक्सीडेंट कराया। जबकि, जांच रिपोर्ट में साफ था कि वह सिर्फ नेचुरल एक्सीडेंट था। किसी भी गवाह की मौत नहीं हुई है। यह सिर्फ एक इंसान की कही बातें हैं।

ऐश्वर्या ने कहा कि मैं बिल्कुल मानती हूं कि मेरे पिता को भाजपा में होने का खामियाजा भुगतना पड़ा। हम लोग सामान्य हैं। पीड़िता के परिवार के लोग भी पावरफुल हैं। हम लोग एक गांव से हैं।

भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग हुए और मजबूत

# भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग हुए और मजबूत

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने भारतीय नौसेना के लिए दो अतिरिक्त एमक्यू-9 मानवरहित ड्रोन लीज पर लेने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने किया। इसे भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की वजह से अहम कदम माना जा रहा है। एमक्यू-9 ड्रोन अमेरिका की जनरल एटॉमिक्स कंपनी द्वारा बनाए जाते हैं और इन्हें दुनिया के सबसे सक्षम हाई-एल्टीट्यूड, लॉन्ग-एंड्योरेंस ड्रोन सिस्टम्स में गिना जाता है। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ये ड्रोन लंबे समय तक उड़ान भरने, दूर तक निगरानी करने और रियल टाइम खुफिया जानकारी देने में बेहद कारगर हैं। भारत ने पहली बार वर्ष 2020 में दो एमक्यू-9 ड्रोन लीज पर लिए थे। बीते पांच वर्षों में इन ड्रोन ने भारतीय नौसेना और सुरक्षा एजेंसियों को समुद्री इलाकों और सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी के लिए बड़ी बढ़त दी है। अब दो और ड्रोन शामिल होने से हिंद महासागर



क्षेत्र और संवेदनशील समुद्री मार्गों में भारत की मैरीटाइम डोमेन अवेयरनेस ज्यादा मजबूत होने की उम्मीद है।

यह फैसला ऐसे समय आया है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी में रक्षा सहयोग को एक प्रमुख स्तंभ बताया है। दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध लगातार गहरे हो रहे हैं और उन्नत तकनीकों तथा आपसी अंतरसंक्रियता पर खास जोर दिया जा रहा है।

इस पूरे रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने में अमेरिका में रहने वाले भारतीय मूल के जाने-माने एयरोस्पेस वैज्ञानिक विवेक लाल की भूमिका भी अहम मानी जा रही है। जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक लाल पिछले दो दशकों से भारत और अमेरिका के बीच रक्षा व्यापार और औद्योगिक सहयोग को बढ़ावा देने में सक्रिय रहे हैं। उनके प्रयासों से भारत को महत्वपूर्ण अमेरिकी रक्षा तकनीक तक पहुंच मिली है और दोनों देशों के बीच भरोसा भी मजबूत हुआ है।

लॉकहीड मार्टिन में वरिष्ठ अधिकारी रहते हुए विवेक लाल ने भारतीय नौसेना के लिए 24 एमएच-60आर पनडुब्बी रोधी हेलीकॉप्टरों के सौदे को अंतिम रूप देने में भी अहम भूमिका निभाई थी। यह सौदा राष्ट्रपति ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भारत यात्रा में एक प्रमुख रक्षा समझौते के रूप में सामने आया था।

विवेक लाल की भूमिका कई अन्य बड़े रक्षा सौदों में भी रही है, जिनमें 31 एमक्यू-9बी ड्रोन की प्रस्तावित खरीद (नौसेना, वायुसेना और थलसेना के लिए), बोइंग पी-8आई समुद्री गश्ती विमान, 22 हार्पून एंटी-शिप मिसाइलें, एएच-64ई अपाचे और सीएच-47 चिनूक हेलीकॉप्टर, तथा 10 सी-17 ग्लोबमास्टर परिवहन विमान शामिल हैं।

अधिकारियों के अनुसार, इन रक्षा सहयोगों से भारत की 100 से अधिक बड़ी और छोटी कंपनियां वैश्विक रक्षा आपूर्ति शृंखला से जुड़ी हैं, जिससे घरेलू रक्षा औद्योगिक क्षमता को भी मजबूती मिली है।

### हुगली में एसआईआर सुनवाई पर बिफरे विधायक असीत व असीमा

**हुगली।** जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सुनवाई को लेकर मगरा थाना इलाके से लेकर धनियाखाली तक में बवाल मचा। जहां आज चुचुड़ा के विधायक असीत मजूमदार ने बीडीओ कार्यालय में चल रही सुनवाई को बंद करवा दिया। सुनवाई के लिए आए सैकड़ों लोग लाइन में खड़े रह गए। सुबह साढ़े ग्यारह बजे से ही ब्लॉक ऑफिस का गेट बंद कर दिया गया, जिससे इलाके में भारी तनाव फैल गया। हालात को संभालने के लिए मगरा थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया। वहीं धनियाखाली में एसआईआर सुनवाई केंद्र पर हंगामा हुआ। वहां पर भी तृणमूल विधायक ने असीमा पात्र सुनवाई प्रक्रिया रुकवा दी। असीमा पात्र ने सुनवाई केंद्र पहुंचकर पूरी प्रक्रिया बंद करवा दी। विधायक ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, तब तक एसआईआर की सुनवाई नहीं होने दी जाएगी। इससे सुनवाई के लिए आए आम लोगों में भारी नाराजगी देखी गई।

## ायपुर के साइकिलिस्ट सुरेश दुआ ने 78 घंटे 58 मिनिट में पूरी की 1200 किलोमीटर की दूरी



**रायपुर ( समय दर्शन )।** रायपुर रैंडोन्यूर्स द्वारा LRM 1200 की साइकिलिंग इवेंट 25 दिसंबर को आयोजित किया था . इस 1200 किलोमीटर को साइकिलिंग से 90 घंटे में पूरा करना होता है. रायपुर के साइकिलिस्ट एवं एन. आई. टी. रायपुर में कार्यरत सुरेश दुआ ने इस 1200 किलोमीटर के साइकिलिंग इवेंट को 78 घंटे 58 मिनिट में पूरा कर लिया. इसमें सुरेश दुआ ने पहले दिन 350 किलोमीटर (रायपुर से देवरी महराष्ट्र ), दूसरे दिन 380 किलोमीटर (रायपुर से सोहेला उड़ीसा ), तीसरे दिन 300 किलोमीटर (रायपुर से कांकेर ) और चौथे दिन 170 किलोमीटर (रायपुर से गरियाबंद ) से साइकिल से दूरी तय की. इस इवेंट में सुरेश दुआ अकेले प्रतिभागी थे. ज्ञात हो सुरेश दुआ ने साल 2025 में 4 बार सुपर रैंडोन्यूर्स का खिताब अर्जित कर चुके है. जिसमे एक सुपर रैंडोन्यूर्स का ख़िताब 6 दिन में अर्जित किये थे. रैंडोन्यूर्स का मतलब लंबी दूरी की साइकिलिंग करने वाले धावक या साइकिलिस्ट होते हैं, जो एक निश्चित समय सीमा में लंबी दूरी (जैसे 200, 300, 400, 600 किमी) की साइकिल रेस 'ब्रेवेट'पूरी करते हैं. इन्हें साइकिलिंग के यात्री या साहसी सवार कह सकते हैं, जो शारीरिक और मानसिक सहनशक्ति के लिए यह करते हैं, न कि सिर्फ जीतने के लिए, और इन्हें एक आजीवन उपाधि मिलती है.

इसी साल जुलाई में इन्होंने लेह से उमलिंगला (दुनिया की सबसे ऊँची मोटरेबल पास) की यात्रा भी की थी. सुरेश दुआ ने साल 2025 में 16728 किलोमीटर एवं अब तक 85241 किलोमीटर साइकिल चला चुके है.

## संक्षिप्त समाचार

### मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरी, इंजन पलटा, 13 की मौत




ओअक्साका, एजेंसी। मेक्सिको के दक्षिणी राय ओअक्साका में एक ट्रेन के पटरी से उतर गई, जिसके बाद ट्रेन का इंजन पलट गया। कई बोगियां भी पलट गईं। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए हैं। यह ट्रेन मैक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले एक नए रेलमार्ग पर चल रही थी। इस रेलवे लाइन का संचालन मैक्सिकन नौसेना करती है। मेक्सिकन नौसेना के अनुसार, ट्रेन में 250 लोगों सवार थे, जिसमें 9 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा चिवेला और निजांडा कस्बों के बीच एक मोड़ पर हुआ। घायलों में से 36 को अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पांच घायल गंभीर हालत में हैं। उन्होंने सीनियर अधिकारियों को मौके पर भेजकर मृतकों के परिवारों की मदद करने के निर्देश दिए हैं। ओअक्साका राय के गवर्नर सलोमोन जारा ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि कई सरकारी एजेंसियां हादसे की जगह पर पहुंच गई हैं और घायलों की मदद कर रही हैं। मेक्सिको की अटॉर्नी जनरल अर्नेस्टिना गोदॉय रामोस ने भी सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है। यह ट्रेन प्रशांत महासागर के सालिना क्रूज बंदरगाह से अटलांटिक महासागर तक लगभग 290 किलोमीटर की दूरी तय करती है। यह इंटरोशियनिक ट्रेन सेवा 2023 में तत्कालीन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने शुरू की गई थी। यह मेक्सिको के दक्षिणी हिस्से में रेल यात्रा को बढ़ावा देने और तेहुआंतेपेक इस्त्मस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। सरकार का योजना इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए रणनीतिक कॉरिडोर बनाने की है, जहां बंदरगाहों और रेल लाइनों से दोनों महासागरों को जोड़ा जा सके। इस हादसे से रेल सेवा प्रभावित हुई है और बचाव कार्य जारी हैं।

### ह्यूस्टन में तीन शव मिलने के बाद सीरियल किलर की अफवाह फैली

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के ह्यूस्टन के बफेलो बायू इलाके में इस सप्ताह तीन शव बरामद किए गए हैं, जिसके बाद से ह्यूस्टन में सीरियल किलर की अफवाह फैल गई है और स्थानीय लोग डरे हुए और परेशान हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ह्यूस्टन में सीरियल किलर की अफवाह तेजी से सोशल मीडिया पर फैल रही है। हालांकि जांच अधिकारी इससे इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि सीरियल किलर की अफवाह का कोई आधार नहीं है। गौरतलब है कि ह्यूस्टन में शव मिलने की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं बल्कि इस साल सितंबर में भी ह्यूस्टन की दलदली भूमि से पांच शव निकाले गए थे। उसके बाद भी इलाके में सीरियल किलर की अफवाह ने जोर पकड़ा था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पिछले साल ह्यूस्टन के स्थानीय जलमार्गों से 35 शव बरामद किए गए थे और इस साल अब तक 34 शव मिल चुके हैं। ह्यूस्टन के लोगों का कहना है कि इतनी संख्या में शव मिल रहे हैं तो कोई तो है, जो लोगों को मार रहा है। वहीं जांच एजेंसियों का कहना है कि एक जगह पर शव मिलना ही अपराध का संकेत नहीं है। उनका कहना है कि हो सकता है कि शव मिलने की वजह दुर्घटनाएं, नशा या आत्महत्या हो सकती है। टेक्सास में सीरियल किलर की अफवाह फैलने की शुरुआत तब हुई, जब हाल के वर्षों में लेडी बर्ड झील से सिर्फ तीन वर्षों में कम से कम 19 शव बरामद हुए हैं।

### महिला प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी पर बढ़ा बवाल

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में महिला प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी को लेकर मानवाधिकार संकट गहराने के आरोप लगे हैं। मंझू शोरी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर पुलिस कार्रवाई की बलूचिस्तान बार काउंसिल ने कड़ी निंदा की है। रिपोर्ट के अनुसार महिलाएं लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की मांग कर रही थीं। बार काउंसिल ने इसे पाकिस्तान के संविधान, कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों का उल्लंघन बताया।

# नेवी, आर्मी और रॉकेट फोर्स... चीन ने इशारों में जापान-यूएस को चेतावनी दी?

बीजिंग, एजेंसी।
चीन की सेना ने सोमवार को कुछ ऐसा किया, जिसपर पूरी दुनिया की नजर टिक गई। ड्रेगन की सेना ने ताइवान द्वीप के चारों ओर जॉइंट मिलिट्री ड्रिल करने के लिए एयर, नेवी और रॉकेट सैनिकों को भेजा।



इस कदम को बीजिंग की ओर से अलगाववादी और बाहरी दखल देने वाली ताकतों के खिलाफ सख्त चेतावनी करार दिया गया। ध्यान दिया जाना चाहिए कि ये ड्रिल ऐसे समय पर हुई है, जब बीजिंग ने इस इलाके को अमेरिका द्वारा हथियार बेचे जाने और जापान के प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के बयान पर गुस्सा जताया।

इस बयान में कहा गया था कि अगर चीन ताइवान के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है, तो उसकी सेना इसमें शामिल हो सकती है। बता दें कि ताइवान एक स्व-शासित द्वीप है, जिसे दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अपने शासन के तहत लाना चाहती है। हालांकि, चीनी सेना ने सोमवार सुबह अपने बयान में अमेरिका और जापान का जिक्र नहीं किया।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि द्वीप की रक्षा के लिए सेना को हाई अलर्ट पर रखते हुए तेज़ी से जवाब देने वाले अभ्यास किए जा रहे हैं। एक अलग बयान में, उसने कहा कि उसने जवाब में उचित सेना तैनात की है और युद्ध की तैयारी के अभ्यास कर रहा है।

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के टारगेटेड मिलिट्री अभ्यास उसकी आक्रामक प्रकृति और शांति के सबसे बड़े दुश्मन होने की बात को और पक्का करते हैं। वहीं, चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी की ईस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता सीनियर कर्नल शी यी ने कहा कि ये अभ्यास ताइवान जलडमरूमध्य और द्वीप के चारों ओर किए जाएंगे।

पिछले हफ्ते ही बीजिंग ने 20 अमेरिकी रक्षा-संबंधित कंपनियों और 10 अधिकारियों पर प्रतिबंध लगाए। बता दें कि यह वाशिंगटन की ओर से ताइवान को 10 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के बड़े पैमाने पर हथियारों की बिक्री की घोषणा के एक हफ्ते बाद हुआ। यदि अमेरिका की ओर से इसे मंजूरी दे दी जाती है, तो यह स्व-शासित क्षेत्र को दिया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा अमेरिकी हथियार पैकेज होगा।

### जिंदा जल गए 16 लोग

## नर्सिंग होम में भीषण आग का तांडव! मच गया हड़कंप



जकार्ता, एजेंसी। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत की राजधानी मनाडो में स्थित एक नर्सिंग होम में रविवार रात भीषण आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पांती वेर्धा दमई नर्सिंग होम में हुआ, जो मनाडो के रानोमूट उप-जिले के पाल डुआ क्षेत्र में स्थित है। स्थानीय समयानुसार रात करीब 8:36 बजे आग भड़की। सूचना मिलते ही मनाडो सिटी प्रशासन की ओर से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर रात 9:30 बजे काबू पाया गया।

उत्तरी सुलावेसी क्षेत्रीय पुलिस के जनसंपर्क प्रमुख आलमस्याह पी. हसीबुआन के अनुसार, हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के शवों को भायंगकारा अस्पताल भेजा गया है, जहां उनकी पहचान की प्रक्रिया जारी है। इसके बाद पीड़ितों के परिजनों से समन्वय किया जाएगा। आग लगने के बाद पुलिस ने तुरंत इलाके को सुरक्षित किया और बचाव अभियान चलाया।

# मुनीर का खत्म होने वाला है खेल!

## पाकिस्तान और अफगानिस्तान के उलेमाओं ने मिलाया हाथ; अब आगे क्या होगा?

काबुन/इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते विवाद के बीच एक नया मोर्चा उभर कर सामने आ रहा है। ये नया मोर्चा पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर सकता है।

अफगानिस्तान में तालिबान शासन और पाकिस्तान के प्रमुख धार्मिक विद्वान एक-दूसरे के करीब आते नजर आ रहे हैं। यह गठजोड़ पाकिस्तानी सेना द्वारा अफगानिस्तान पर किए जा रहे हमलों की खुलकर आलोचना कर रहा है, जिससे दोनों देशों के रिश्तों में और जटिलता आ रही है।



**पाकिस्तान-अफगानिस्तान विवाद में उलेमाओं का नया गठजोड़:** जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने हाल ही में कराची के ल्यारी में एक सभा में पाक पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख मुनीर पर निशाना साधा था। उन्होंने दोनों के दोहरे रवैये को उजागर करते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हमला करना जायज है तो फिर भारत पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकियों को क्यों नहीं मार सकता? यह बयान अब तालिबान को भा रहा है। पाकिस्तानी मदरसों की यह विचारधारा उन्हें आकर्षित कर रही है। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान सरकार के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने रविवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल समेत उन सभी पाकिस्तानी संगठनों, नेताओं और उलेमाओं के प्रति अपना आभार जताया, जो अफगानिस्तान के प्रति सकारात्मक सोच रखते हैं। काबुल में एक कार्यक्रम के दौरान हक्कानी ने विशेष रूप से मौलाना फजलुर रहमान के भाषण का जिक्र किया। हक्कानी ने 23 दिसंबर के सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि फजल और उलेमा मुफ्ती तकी उस्मानी ने अफगानिस्तान के प्रति अपनी सद्भावना व्यक्त की, जिसके लिए हम इन सभी हस्तियों के प्रति बहुत आभारी हैं। साथ ही, उन्होंने पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार द्वारा दिए गए सकारात्मक बयान की भी सराहना की। हक्कानी ने आगे कहा, अगर दोनों देशों के बीच सद्भावना, अच्छी बातचीत और सकारात्मक संबंध स्थापित होते हैं।

### गुर्दे को छू लेने वाली एक्टिंग, पॉडकास्ट पर क्यों ट्रोल हो गई पाकिस्तानी पुलिस ऑफिसर?

इस्लामाबाद, एजेंसी। एक पाकिस्तानी पुलिस ऑफिसर को ऑनलाइन ट्रोल किया जा रहा है। एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह एक मर्डर केस पर कार्रवाई करने के लिए अचानक एक पॉडकास्ट छोड़कर जाती हुई दिख रही हैं। लाहौर की सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) शहरबानो नकवी इंटरव्यू के बीच में फोन कॉल लेती हुई दिखीं और एक घंटे बाद केस निपटाकर वापस आईं। पॉडकास्ट के दौरान फोन उठाते हुए उन्होंने कहा, मुझे एक कॉल आ रहा है। ठीक है, यह एसएचओ का कॉल है। मर्डर हो गया है, अभी आती हूं कॉल पर वह कहती हैं, हां, खुर्रम? हां? कहां? वह आदमी पकड़ा गया? बहुत बढ़िया। रुको, मैं आ रही हूं। पॉडकास्टर की ओर मुड़कर उन्होंने आगे कहा, एक मर्डर हो गया है, मैं अभी होकर आती हूं। एक घंटे बाद नकवी वापस आती हैं तो पॉडकास्टर ने इमरजेंसी के बारे में पूछा। उन्होंने कहा, मर्डर। और बताया कि यह डिफेंस फेज, च ब्लॉक में हुआ था। उन्होंने बताया कि आरोपी और पीड़ित दोस्त थे और कथित तौर पर पैसे के विवाद को लेकर इस अपराध की प्लानिंग की गई थी। उन्होंने बताया, एक दोस्त ने पैसे लिए थे और जब पैसे वापस मांगे गए तो उसे गुस्सा आ गया और उसने प्लान बनाकर अपने दोस्त की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों ने पुलिस को खबर दी और आरोपी रंगे हाथों पकड़ा गया और घर के अंदर बंधक बनाए गए लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। उन्होंने कहा, पुलिस ने हत्यारे को पकड़ लिया है। उन्होंने आगे बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही पीड़ित की मौत हो चुकी थी और शव ड्राइंग रूम में मिला था। यह वीडियो जल्द ही ऑनलाइन वायरल हो गया। एक यूजर ने एक्स पर कमेंट किया, यह स्क्रिप्ट लिखता कौन है?

# कैंसर का नया इलाज: बिना कीमो, सर्जरी होगा

## मेंढक, न्यूट और छिपकली के बैक्टीरिया से रोगी होगा कैंसर मुक्त

टोक्यो, एजेंसी।
जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने कैंसर के उपचार में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर पार किया है। कैंसर के इलाज में अब तक सर्जरी, कीमोथेरेपी और इम्यूनोथेरेपी मुख्य साधन रहे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में शोधकर्ता शरीर में मौजूद प्राकृतिक सूक्ष्मजीवों पर ध्यान देने लगे हैं। इसी दिशा में जापान के वैज्ञानिकों ने एक अनोखा प्रयोग किया है, जिसमें आंतों में पाए जाने वाले बैक्टीरिया की क्षमता का इस्तेमाल कर कैंसर को मात दी गई। जापान एडवांस्ड इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर एजिरो मियाको की अगुवाई में की गई इस स्टडी में मेंढक, न्यूट और छिपकली जैसी प्रजातियों से आंतों के 45 अलग-अलग बैक्टीरिया अलग किए गए। इनमें से नौ में कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने की क्षमता पाई गई। लेकिन सबसे प्रभावशाली बैक्टीरिया इविंगेला अमेरिकाना निकला, जो जापानी ट्री फ्रॉग की आंत में प्राकृतिक रूप से पाया जाता है और इसे किसी तरह जेनेटिक रूप से नहीं बदला गया।




### चूहों में परीक्षण के चौंकाने वाले नतीजे

शोधकर्ताओं ने इस बैक्टीरिया को चूहों में कोलोरेक्टल कैंसर के लिए इंजेक्ट किया। परिणाम अभूतपूर्व थे - सिर्फ एक डोज ने ट्यूमर को पूरी तरह समाप्त कर दिया। शोध में यह भी देखा गया कि इविंगेला अमेरिकाना की क्षमता कीमोथेरेपी दवा डॉक्सोरूबिसिन और आधुनिक इम्यूनोथेरेपी से भी अधिक प्रभावशाली थी। सबसे बड़ा सवाल यह था कि क्या यह बैक्टीरिया स्वस्थ अंगों को नुकसान पहुंचाएगा। शोध में पाया गया कि यह बैक्टीरिया 24 घंटे में खून से साफ हो गया और लिवर, किडनी, दिल या फेफड़ों में जमा नहीं हुआ। हल्की सूजन जरूर देखी गई, लेकिन यह तीन दिन में अपने आप ठीक हो गई। 60 दिन तक निगरानी में कोई गंभीर साइड इफेक्ट नहीं दिखाई दिया। हालांकि यह शोध अभी प्रारंभिक स्तर पर है और तुरंत इलाज के रूप में लागू नहीं किया जा सकता, लेकिन यह दर्शाता है कि प्राकृतिक बैक्टीरिया भविष्य में कैंसर के इलाज में बड़ा योगदान दे सकते हैं। वैज्ञानिक इसे ब्रेस्ट कैंसर और पैंक्रियाटिक कैंसर पर भी आजमाने की योजना बना रहे हैं। अगर परिणाम ऐसे ही सकारात्मक रहे, तो आने वाले समय में कैंसर का इलाज कम दर्दनाक और यादा प्राकृतिक हो सकता है।

### ● इमरजेंसी में भी मरीज कर रहे 24 घंटे तक का इंतजार

# अस्पतालों में पड़ा डॉक्टरों का अकाल

टोरंटो , एजेंसी।
कनाडा में भारतीय मूल के 44 वर्षीय व्यक्ति प्रशांत श्रीकुमार की मौत हो गई। इमरजेंसी में 8 घंटे के इंतजार के बाद भी उसका इलाज नहीं हो सका, जिसके कारण प्रशांत ने अस्पताल में भी दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद कनाडा में चरमराती स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।



कनाडा के अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी देखने को मिल रही है। देश में प्राथमिक इलाज और स्पेशलिस्ट केयर के लिए भी घंटों लाइन लगाने की नौबत आ गई है। कुछ आंकड़ों के अनुसार, कनाडा में प्रति 1000 लोगों पर सिर्फ 2.8 डॉक्टर ही मौजूद हैं।

22 दिसंबर को प्रशांत श्रीकुमार की मौत दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई थी। प्रशांत के सीने में दर्द होने के बाद उन्हें एडमोंटन के ग्रे नन्स कम्युनिटी अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में उन्हें वेटिंग रूम में रखा गया और दर्द से निजात दिलाने के लिए उन्हें टाइलेनोल का डोज दे दिया गया।

परिवार के अनुसार, तकरीबन 8 घंटे बाद प्रशांत का नंबर आया। इलाज शुरू होते ही प्रशांत ने दम तोड़ दिया। नर्स ने उन्हें उठाने की बहुत कोशिश की, लेकिन दिल का दौरा पड़ने से प्रशांत की मौत हो गई। प्रशांत के 3 बचे और पत्नी हैं, जो अब बेसहारा हो गए हैं। प्रशांत की मौत ने एक बार फिर कनाडा की चिकित्सा व्यवस्था की पोल खोल दी है। अस्पतालों के इमरजेंसी रूम में लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। आपात स्थिति में पहले 60 मिनट किसी भी मरीज के लिए गोल्डन आवर की तरह गिने जाते हैं। ऐसे में समय पर इलाज न मिलने पर उनकी जान जाने का भी खतरा रहता है।

कैनेडियन मेडिकल एसोसिएशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, कनाडा में हर 5 में से 1 व्यक्ति को प्राथमिक इलाज नहीं मिल पाता है। 36.9 प्रतिशत लोगों को ही 24 घंटे में अर्जेंट अपॉइंटमेंट मिलती है। 22.8 प्रतिशत लोगों को अर्जेंट अपॉइंटमेंट के लिए 2 दिन से लेकर 1 हफ्ते तक का इंतजार करना पड़ता है। कनाडा सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, इस देश में सिर्फ 23,000 फैमिली डॉक्टर्स हैं। कनाडा की राजधानी ओटावा में ही 28,000 रजिस्टर्ड नर्स, 14,000 लाइसेंस प्राप्त नर्स और 2,700 प्रेक्टिस करने वाली नर्सों की जरूरत है। इसके अलावा हजारों डॉक्टरों के पद भी खाली पड़े हैं।

# यूरोप में भी इजराइल ने हमास पर कसा शिकंजा, इटली में टॉप लीडर सहित 7 बड़े आंतकी गिरफ्तार

यरूसलम, एजेंसी।
यूरोप में हमास के ढांचे को बड़ा झटका देते हुए इजराइल सरकार ने रविवार को खुलासा किया कि इजराइल की खुफिया और तकनीकी मदद से इटली में हमास के शीर्ष नेता मोहम्मद हनून समेत संगठन से जुड़े छह अन्य वरिष्ठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इजराइल सरकार के अनुसार, यह कार्रवाई यूरोप में हमास के आतंकी और वित्तीय नेटवर्क के खिलाफ एक बड़ा प्रहार है। गिरफ्तार लोगों में यूरोप में हमास नेतृत्व का एक वरिष्ठ सदस्य और महाद्वीप स्तर के नेतृत्व से जुड़ा एक अन्य बड़ा चेहरा भी शामिल है।

इस संयुक्त अभियान में इज़राइल के रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आर्थिक आतंकवाद निरोधक मुख्यालय , इज़राइल पुलिस की इंटेलिजेंस/सीईओ डिवीजन, इजराइली रक्षा बल की खुफिया इकाई और शिन बेट (इजराइल की आंतरिक सुरक्षा एजेंसी) शामिल थीं। इन एजेंसियों ने आपसी सहमति वाले



आधिकारिक चैनलों के माध्यम से इटली की कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अहम जानकारी और सबूत सौंपे। कार्रवाई के दौरान इटली की एजेंसियों ने नकदी, संपत्ति और अन्य वित्तीय संसाधन जब्त किए।

# अब बोला- ईश्वर ने हमें और वक्त दिया

### घाना के युवक ने खुद को पैगंबर बताया: 25 दिसंबर से प्रलय शुरू होने का दावा किया था

एक्रॉ, एजेंसी। अफ्रीकी देश घाना में 30 साल का एक युवक खुद को भगवान का भेजा हुआ पैगंबर बता रहा है। पहले उसने दावा किया था कि 25 दिसंबर से पूरी दुनिया में ऐसी भयानक बाढ़ आएगी कि धरती पानी में डूब जाएगी और तीन साल तक लगातार बारिश होगी।

यानी 25 दिसंबर से प्रलय की शुरुआत हो जाएगी, हालांकि अब वह कह रहा है कि उसकी प्रार्थना के बाद ईश्वर ने लोगों को और समय दे दिया है। इस युवक का नाम एबो नोआ है। सोशल मीडिया पर वह खुद को 'एबो जीसस' कहता है। इंस्टाग्राम पर उसके करीब 32 हजार फॉलोअर्स हैं। वायरल वीडियो में एबो नोआ कहता दिख रहा है कि उसे भगवान का संदेश मिला है कि बहुत जल्द लगातार बारिश शुरू होगी, जिससे पूरी धरती जलमग्न हो जाएगी और जैसे आज दुनिया चल रही है, उसका अंत हो जाएगा।



एबो नोआ का कहना है कि भगवान ने उसे पहले से तैयारी करने को कहा है। इसी वजह से वह बड़ी-बड़ी लकड़ी की नावें, यानी आर्क बनवा रहा है। उसका दावा है कि ये नावें ही तबाही के समय लोगों को बचा पाएंगी। वह कहता है कि उसे कुल आठ नावें बनाने का आदेश मिला है। वीडियो में वह खुद एक बड़ी लकड़ी की नाव के पास खड़ा होकर उसके निर्माण की निगरानी करता नजर आता है।

इस वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कई लोग उसके दावे पर सवाल उठा रहे हैं। कुछ यूजर्स बाइबिल की किताब जेनेसिस का हवाला दे रहे हैं, जिसमें लिखा है कि भगवान ने इंद्रधनुष के जरिए वादा किया था कि वह धरती को दोबारा कभी पूरी बाढ़ से नष्ट नहीं करेंगे। इसी वजह से लोग एबो नोआ की बातों को सच मानने को तैयार नहीं हैं। एबो नोआ इससे पहले भी ऐसे दावे कर चुका है। अगस्त में भी उसने इसी तरह का दावा किया था।

जनजातीय गौरव और विकास की राह पर आगे बढ़ता छत्तीसगढ़ : मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय

# राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 'जशक्राफ्ट' एवं जशपुर की जनजातीय मातृशक्ति के कौशल की सराहना की

**रायपुर।** भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने गुमला (झारखंड) में आयोजित अंतर्राज्यीय जन-सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' कार्यक्रम में जशपुर जिले की स्व-सहायता समूहों से जुड़ी जनजातीय महिलाओं के कार्यों, कौशल और आत्मनिर्भरता की प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से 'जशक्राफ्ट' से जुड़ी बहनों के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके द्वारा तैयार किए जा रहे आभूषण एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद महिला सशक्तिकरण के सशक्त उदाहरण हैं।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने जशपुर वनमंडल अंतर्गत वन प्रबंधन समिति शब्दमुंडा, ग्राम कोटानपानी के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को जनजातीय सृजनशीलता, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक संरक्षण का प्रेरक प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल आजीविका के साधन बढ़ाते हैं, बल्कि परंपरागत कला और हस्तशिल्प को नई पहचान भी दिलाते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि जशपुर की जनजातीय मातृशक्ति, विशेषकर 'जशक्राफ्ट' से जुड़ी बहनों के कौशल और स्वावलंबन की प्रशंसा पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम कोटानपानी की स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा तैयार आभूषण एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पाद हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और महिलाओं की मेहनत व सृजनात्मकता के जीवंत प्रतीक हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति का यह स्नेहपूर्ण आशीर्वाद और प्रोत्साहन जनजातीय मातृशक्ति के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भर भारत के संकल्प तथा 卐वोकल फॉर लोकल卐 की भावना को और अधिक सशक्त करेगा। उन्होंने जशपुर की समस्त जनजातीय बहनों की ओर से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम के दौरान जनजातीय हस्तशिल्प, पारंपरिक लोककला तथा स्व-सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि दल ने जशपुर जिले की विशिष्ट शिल्प परंपरा और स्थानीय उत्पादों का प्रदर्शन कर जनजातीय सशक्तिकरण का सशक्त संदेश दिया।

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को जनजातीय समुदायों की परंपराओं से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। अपनी जनजातीय विरासत और पहचान को सुरक्षित रखते हुए हमारे युवाओं को आधुनिक विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनजातीय समुदाय के सभी सदस्य अपनी धरोहर को संजोए रखते हुए प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते रहेंगे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह अत्यंत सौभाग्य की बात है कि मांझाटोली (झारखंड) में अंतरराज्यीय जन सांस्कृतिक समागम – कार्तिक यात्रा का आयोजन हुआ है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है, बल्कि जनजातीय समाज को जोड़ने वाला सेतु भी है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए गर्व और आस्था दोनों का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संपूर्ण देश भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाता है।भगवान बिरसा मुंडा केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि जंगल, जल और जमीन की रक्षा के प्रतीक हैं। उनकी प्रेरणा ने आदिवासी समाज में आत्मगौरव की भावना को सशक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पंकजराज साहेब कार्तिक उरांव जैसे जननायकों ने भी शिक्षा, सामाजिक एकता और जनजातीय पहचान के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि एक समय था जब बस्तर क्षेत्र में नक्सलवाद ने विकास के रास्ते रोक रखे थे। सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं वहां तक नहीं पहुंच पाती थीं लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीति के कारण अब स्थितियाँ बदल रही हैं। बस्तर में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और शासन व्यवस्था गांव-गांव तक पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है।

## उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर में कांवड़िया विश्राम गृह निर्माण का किया भूमिपूजन




**रायपुर।**

पवित्र सावन माह में अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर दुर्गम एवं कठिन रास्तों से पदयात्रा करते हुए कवर्धा स्थित भगवान बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक करने आने वाले हजारों श्रद्धालु कांवड़ियों के लिए आज एक ऐतिहासिक सौगात मिली। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कांवड़ियों की सुविधा और विश्राम के लिए 1 करोड़ 54 लाख 72 हजार रूपए की लागत से बनने वाले श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर कांवड़िया विश्राम गृह (डोम) के निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम से पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने भगवान बूढ़ा महादेव मंदिर पहुंचकर जलाभिषेक किया एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक श्री योगेश्वर राज सिंह, श्री अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति डॉ. बीरेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष श्री गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेश राम धुर्वे, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा सहित समस्त पार्षद, जनप्रतिनिधि, श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान बूढ़ा महादेव न केवल कवर्धा बल्कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आस्था का एक प्रमुख केंद्र है। यह स्थल सदियों से श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र रहा है। प्रत्येक वर्ष पवित्र सावन माह में बड़ी संख्या में कांवड़िये अमरकंटक से मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर कठिन एवं दुर्गम मार्गों से पैदल यात्रा करते हुए भगवान बूढ़ा महादेव में जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। कांवड़ियों की इस कठिन तपस्या, अटूट आस्था एवं श्रद्धा को दृष्टिगत रखते हुए उनके विश्राम एवं आवश्यक सुविधाओं के लिए श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर परिसर में कांवड़िया विश्राम गृह (डोम) का निर्माण किया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आरामदायक रूप से ठहरने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र में भी कांवड़ियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए शीघ्र ही भूमि भी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ सहित कवर्धा एवं अन्य जिलों से अमरकंटक जाने वाले कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को वहां ठहरने की बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी।

# दिव्यांग नेमी सिंह को उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदान की पेट्रोल चलित स्कूटी

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की संवेदनशील पहल से एक बार फिर दिव्यांगजन को आत्मनिर्भरता की राह मिली है। विकासखंड बोड़ला के ग्राम सरेखा निवासी एक पैर से दिव्यांग श्री नेमीसिंह साहू को आज विधायक कार्यालय कवर्धा में पेट्रोल चलित स्कूटी प्रदान की गई।

एक कृषक परिवार से आने वाले श्री नेमीसिंह साहू ने लगभग बारह वर्ष पूर्व एक सड़क दुर्घटना में अपना एक पैर खो दिया था। दिव्यांगता के कारण उन्हें दैनिक आवागमन और जीवनयापन में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। अपने प्रतिदिन के कार्यों के लिए आना-जाना उनके लिए अत्यंत मुश्किल हो गया था।

अपनी समस्या को लेकर श्री साहू ने उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा को आवेदन दिया था। उनकी आवश्यकता और सामाजिक – आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने तुरंत सहायता दिलाने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत आज उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खुद उन्हें उनके वाहन की चाभी भेंट की। स्कूटी पाकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं था। नेमीसिंह ने वर्षों से कोई वाहन नहीं चलाया था तो जैसे ही उन्होंने स्कूटी चालू की और स्कूटी डगमगाई उपमुख्यमंत्री ने उन्हें थाम लिया और अपने सामने उनसे स्कूटी चालन की प्रैक्टिस भी कराई।



स्कूटी पाकर भावुक नेमी सिंह साहू ने कहा कि अब उन्हें रोजमर्रा के कामों के लिए अब दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। यह स्कूटी उनके लिए केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने इस सहयोग के लिए उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाएगी।

उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के प्रयासों से कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में 100 से अधिक दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

# 35 पुनर्वासितों को आईजी बस्तर ने किया स्मार्टफोन एवं प्रशिक्षण किट का वितरण

**रायपुर।** बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी. ने मंगलवार को पुना मारगेम : पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल के अंतर्गत कोण्डागांव जिले के ग्राम देवखरगांव में संचालित पुनर्वास केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में रह रहे पुनर्वासित युवाओं से संवाद कर प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं शासकीय योजनाओं के लाभ की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने 35 पुनर्वासित युवाओं को स्मार्टफोन एवं प्रशिक्षण किट का वितरण भी किया।

बस्तर आईजी श्री सुंदरराज पी. ने पुनर्वासित लोगों से चर्चा करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि हिंसा का मार्ग छोड़ चुके लोगों को कौशल प्रशिक्षण एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे सम्मानजनक जीवनयापन सकें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनें। उन्होंने पुनर्वासितों से आह्वान किया कि प्रशिक्षण अवधि का पूरे उत्साह और लगन के साथ उपयोग करें तथा यहां से सीखकर जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ अपने गांवों तक भी पहुँचाएं। उन्होंने विकास के मार्ग को अपनाने के लिए पुनर्वासित व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।



कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने पुनर्वास केन्द्र में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि शासन का उद्देश्य है कि प्रशिक्षण उपरांत पुनर्वासित व्यक्ति स्वरोजगार के माध्यम से अपने परिवार की जीविकोपार्जन में स्वयं सक्षम हो सके। पुलिस अधीक्षक श्री पंकज चन्द्रा ने पुना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन योजना के तहत विभिन्न ट्रेड में दिए जा रहे कौशल प्रशिक्षण एवं शासकीय योजनाओं से जोड़े जाने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रूपेश दांडे एवं श्री कौशलेन्द्र देव पटेल, पुनर्वास केन्द्र के प्रभारी अधिकारी श्री पुनेश्वर वर्मा सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बैंक एकाउंट एवं क्यूआर कोड का किया विमोचन

# श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महा अभियान का शुभारंभ

**रायपुर।** श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर के समग्र उन्नयन, सौंदर्यीकरण एवं भव्य मंदिर निर्माण के उद्देश्य से प्रारंभ किए गए श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महा अभियान का आज उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने मंदिर उन्नयन अभियान के लिए खोले गए बैंक एकाउंट एवं क्यूआर कोड का भी विमोचन किया। इस डिजिटल सुविधा के माध्यम से अब जिलेवासी, श्रद्धालु एवं दानदाता कहीं से भी सहज रूप से ऑनलाइन दान कर मंदिर के विकास एवं उन्नयन कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय, पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक श्री योगेश्वर राज सिंह, श्री अशोक साहू, जिला पंचायत सभापति डॉ. बीरेन्द्र साहू, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष श्री पवन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष श्री गणेश तिवारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री विदेशी राम धुर्वे, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा सहित समस्त पार्षद, जनप्रतिनिधि, श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के सदस्य उपस्थित थे।




उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि यह महाअभियान जनसहभागिता, आस्था एवं श्रद्धा का प्रतीक है, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। उन्होने कहा कि क्यूआर कोड से जिले के नागरिक अधिक से अधिक सहयोग कर इस पुण्य कार्य से जुड़ सकेंगे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे इस महाअभियान में सहभागी बनकर भगवान श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव के भव्य मंदिर निर्माण के संकल्प को साकार करें। आज ही इस महाअभियान के शुभारंभ अवसर पर कवर्धा शहर के नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर दान कर अपनी श्रद्धा और सहभागिता का परिचय दिया। सभी नागरिकों ने श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर के उन्नयन एवं भव्य निर्माण के लिए हर संभव सहयोग देने का संकल्प लिया। नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव मंदिर उन्नयन महाअभियान कवर्धा नगर के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। क्यूआर कोड एवं बैंक एकाउंट के माध्यम से आम नागरिक भी अब सरलता से इस पुण्य कार्य में सहभागी बन सकेंगे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि इस महाअभियान में समाज के हर वर्ग को सहभागी बनना चाहिए, ताकि भगवान बूढ़ा महादेव की कृपा से यह कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो सके। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति के पदाधिकारियों को 5 लाख रूपए का सहयोग किया तथा इसके अतिरिक्त आगे 5 लाख रुपये और देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री योगेश्वर राज सिंह ने मंच पर ही 1 लाख 11 हजार 1100 रुपये श्री पंचमुखी बूढ़ा महादेव सेवा समिति को भेंट किए। वहीं सांसद श्री संतोष पाण्डेय एवं पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू ने 1 लाख 11 हजार 1100 रूपए, नगर पालिका अध्यक्ष श्री चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने 1 लाख रूपए तथा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री गणेश तिवारी ने 2 लाख 21 हजार रूपए प्रदान करने की घोषणा की। इसके साथ ही कवर्धा शहर के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर दान देकर इस महाअभियान को स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान कवर्धा नगर पालिका के 21 पार्षदों ने अपना एक-एक माह का वेतन तथा पार्षद निधि से एक-एक लाख रुपये देने की घोषणा की। पहले ही दिन शहर के दान दाताओं से 75 लाख रूपये से अधिक राशि संग्रहित हुई। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने सभी जनप्रतिनिधियों, दानदाताओं, सेवा समिति एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहयोग से ही धार्मिक स्थलों का भव्य स्वरूप साकार होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने 'प्राइम डे' के कैलेंडर का किया विमोचन



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज राजधानी रायपुर से प्रकाशित दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र 'प्राइम डे' (Prime Day) के वर्ष 2026 के कैलेंडर का विमोचन किया। नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ संवाद परिसर में कैलेंडर के विमोचन के दौरान वरिष्ठ पत्रकार श्री नारायण भोई, श्री हरीश तिवारी, श्री दिलीप साहू, श्री शुभम वर्मा, 'प्राइम डे' के संपादक श्री कबीर शाह और ब्यूरो प्रमुख श्री हरिमोहन तिवारी भी मौजूद थे।

### कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल ने रचा इतिहास, मरीज़ मुंबई में और सर्जन शंघाई में, 5,000 किमी की दूरी से की भारत की पहली क्रक्रॉस-बॉर्डर रोबोटिक सर्जरी हुई सफल

**मुंबईः** कोकिलाबेन धीरुभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई ने भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय रिमोट रोबोटिक सर्जरी सफलतापूर्वक करके एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल की है। यह सर्जरी मुंबई में दो मरीजों पर की गई, जबकि ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. टी. बी. युवराजा (डायरेक्टर-ग्रुप, यूरो-ऑन्कोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी) 5,000 किलोमीटर दूर शंघाई में थे। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) से मंजूरी मिलने के बाद, भारत में 'तौमाई0' (Toumai®) रिमोट रोबोटिक सर्जरी सिस्टम का यह पहला सीमा-पार नैदानिक अनुप्रयोग (clinical application) है। यह उपलब्धि देश की दूरस्थ शल्य चिकित्सा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती है। यह ऐतिहासिक प्रक्रिया मुंबई में दो मरीजों पर की गई, जिसमें रोबोट की सहायता से 'रेडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी' और 'पार्शियल नेफ्रेक्टॉमी' सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इन जटिल यूरोलॉजिकल सर्जरी को 5,000 किलोमीटर से अधिक दूर बैठे एक विशेषज्ञ सर्जन द्वारा रिमोटली संचालित किया गया, जो जटिल शल्य चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए लंबी दूरी के रोबोटिक हस्तक्षेप की सुरक्षा, सटीकता और विश्वसनीयता को प्रमाणित करता है। दोनों सर्जरी तौमाई0 (Toumai®) सिस्टम का उपयोग करके रिमोट तरीके से (दूर बैठे) की गईं, जो वर्तमान में टेली-सर्जरी के लिए यूएस एफडीए स्टडी द्वारा अध्ययन की मंजूरी पाने वाला एकमात्र रोबोटिक सर्जिकल प्लेटफॉर्म है। इन प्रक्रियाओं ने वास्तविक समय में सर्जिकल नियंत्रण और उच्च सटीकता का प्रदर्शन किया, जिससे मरीज की सुरक्षा से कोई समझौता किए बिना विशाल भौगोलिक दूरी के बावजूद सफलता हासिल की गई। इन अंतरराष्ट्रीय सर्जरी को हाई-स्पीड, स्थिर डेटा ट्रांसमिशन और कई सुरक्षा-आश्वासन टेक्नोलॉजी द्वारा संभव बनाया गया। इस सिस्टम ने मात्र 132 मिलीसेकंड की अल्ट्रा-लो बाईडायरेक्शनल लेटेंसी (bidirectional latency) के साथ वास्तविक समय में सर्जिकल नियंत्रण सुनिश्चित किया, जिससे यह प्रक्रिया उसी सटीकता, सुरक्षा और विश्वसनीयता के साथ पूरी हुई जैसी ऑन-साइट रोबोटिक सर्जरी में होती है। इस न्यूनतम विलंबता (ultra-low latency) ने सर्जरी के दौरान उपकरणों की सुचारू आवाजाही, सटीक विच्छेदन (dissection) और विश्वसनीय निष्पादन को सुनिश्चित किया।

### आपकी यादों को मिलेगा अब बड़ा पर्दा : सैमसंग एआई टीवी पर आ रहा है गूगल फोटोज

**गुरुग्रामः** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज अपनी एक नई पहल की घोषणा की है, जो हमारे यादों को सहेजने के तरीके को बदल देगी। कंपनी जल्द ही गूगल फोटोज को सीधे अपने टीवी लाइनअप में एकीकृत करने जा रही है। अब आपकी छुट्टियों की मस्ती, पुराने शौक और अपनों के साथ बिताए गए वो अनमोल पल सिर्फ मोबाइल तक सीमित नहीं रहेंगे; अब आप उन्हें अपने टीवी की विशाल और भव्य स्क्रीन पर देख सकेंगे। इसका मकसद परिवारों को एक साथ लाना है, ताकि वे अपने जीवन के सबसे खूबसूरत लम्हों को एक शानदार और इमर्सिव अंदाज़ में फिर से जी सकें।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट (विजुअल डिस्प्ले बिजनेस), केविन ली ने इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा, सैमसंग टीवी हमेशा से घर के लिविंग रूम का केंद्र रहे हैं, जहाँ पूरा परिवार एकजुट होता है। अब गूगल फोटोज के साथ यह अनुभव और भी खास और निजी होने जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि यूजर्स अपने लिविंग रूम में आराम से बैठकर अपनी तस्वीरों के पीछे छिपी अनकही कहानियों को फिर से महसूस कर सकें और उन महत्वपूर्ण पलों को एक नए नजरिए से देख सकें। निजी तस्वीरों को सहेजने और संजोने का एक खुशनुमा अनुभव गूगल फोटोज हमारी अनमोल यादों को फिर से जीने और उन्हें अपनों के साथ बांटने का काम बेहद आसान बना देता है। अब इस नई साझेदारी के साथ, आपके स्मार्टफोन की गैलरी में सिमटी यादें सीधे सैमसंग टीवी पर पहुँच जाएंगी, जहाँ आप उन्हें एक सिनेमाई भव्यता के साथ देख सकेंगे। इस तालमेल के जरिए यूजर्स अपने टीवी पर ही उन यादों को गहराई से महसूस कर सकेंगे, जिन्हें गूगल फोटोज ने लोगों, जगहों और खास लम्हों के हिसाब से खूबसूरती से सजाया है। साथ ही, गूगल फोटोज अब सैमसंग के विज़न एआई कंपैनियन के साथ मिलकर काम करेगा। यह स्मार्ट तकनीक आपकी तस्वीरों में से सबसे बेहतरीन पलों को चुनेगी और उन्हें पूरे दिन स्क्रीन पर हाइलाइट्स के तौर पर पेश करेगी, जिससे आपके घर का कोना- कोना आपकी पुरानी यादों से मुस्कुरा उठेगा। सैमसंग का लक्ष्य है कि गूगल फोटोज आपके टीवी के अनुभव में इस तरह रच-बस जाए कि वह उसका एक स्वाभाविक हिस्सा लगे। ज़रा सोचिए, आप घर में अपना काम कर रहे हैं और डेली+ या डेली बोर्ड के ज़रिए आपकी कोई प्यारी पुरानी तस्वीर अचानक स्क्रीन पर उभर आए और आपकी यादें ताज़ा कर दे। इसे सेटअप करना भी बेहद आसान है—बस अपने गूगल अकाउंट से एक बार लॉगिन करें और आपकी यादों का पिटारा बड़ी स्क्रीन पर खुल जाएगा।

## संपादकीय

# 50 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर?

देशभर में लाखों बच्चे अगर परीक्षाओं में विफल हो रहे हैं, तो इसकी वजह क्या है? क्या इसे गंभीर चुनौती मान लेने भर से इस समस्या का निवारण हो जाएगा? क्या यह जानने का प्रयास नहीं होना चाहिए कि शिक्षा में गुणवत्ता आखिर कहां कम रह गई और इसकी वजह क्या थी? विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है, तो जाहिर है कि पूरी व्यवस्था को अब दुरुस्त करने की जरूरत है। केवल चिंता जता देने और सतही कदम उठा लेने भर से काम नहीं चलेगा।फिलहाल तथ्य यही है कि देश में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में हर वर्ष करीब पचास लाख विद्यार्थी विफल हो रहे हैं। इनमें अधिकतर विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ देते हैं। खासतौर से लड़कियां विद्यालय नहीं लौटतीं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लड़के परिवार का बोझ उठाने के लिए काम करने लग जाते हैं। यह शिक्षा व्यवस्था की नाकामी तो है ही, वहीं शिक्षित भारत बनाने के लक्ष्य पर भी आघात है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की विफलता बताती है कि विद्यालयी शिक्षा को हम गंभीरता से नहीं ले रहे। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसे गंभीर चुनौती मानते हुए ऐसे विद्यार्थियों को दोबारा मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह विद्यार्थियों तक पहुंचे और उन्हें पढ़ाई बीच में न छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करे। मगर सच यह है कि पिछले कई वर्षों से शिक्षा के दूरगामी लक्ष्यों पर ध्यान नहीं दिया गया है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव किसी से छिपा नहीं है। कई राज्यों में तो कहीं-कहीं एक या दो शिक्षकों के भरोसे विद्यालय चलने की खबरें आई हैं। आए दिन शिक्षकों को शिक्षण कार्य से अलग दूसरे कार्यों में लगा दिया जाता है। मध्याह्न भोजन योजना से लेकर जनगणना, आधार सत्यापन और चुनावी कार्य में उन्हें उलझाए रखना कोई नई बात नहीं। ऐसे में बच्चों को शिक्षा देने का मूल कार्य प्राय- हाशिये पर चला जाता है। उनका पाठ्यक्रम तक पूरा नहीं होता और वे पढ़ाई में निरंतर पिछड़ते चले जाते हैं। देश में ऐसा परिदृश्य बन रहा है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है।

# इंसाफ केवल होना नहीं, दिखना भी चाहिए

एक ओर महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर लगाम नहीं लग पाना आज भी एक बड़ी चुनौती है, वहीं कानूनी नुक्तों का फायदा उठा कर बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के दोषी को भी कई बार रियायत दे दी जाती है। संभव है कि कानून की किसी व्याख्या के मुताबिक, अदालत में बलात्कार के दोषी सिद्ध हुए व्यक्ति को जमानत का पात्र समझा जाए, लेकिन इससे पीड़ित महिला के लिए न्याय सुनिश्चित किए जाने की प्रक्रिया गंभीर रूप से बाधित होती है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में वर्ष 2019 में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को उम्रकैद की सजा हुई थी। अदालत ने भारतीय दंड संहिता के तहत बलात्कार के मामले और बच्चे-बच्चियों के यौन शोषण से सुरक्षा के कानून 'पाक्सो' में गंभीर यौन हिंसा के प्रावधानों के मुताबिक सजा दी थी। तब यह घटना देश भर में व्यापक चिंता और आक्रोश का कारण बनी थी। मगर अब दिल्ली हाई कोर्ट ने सेंगर की सजा को निलंबित करने का आदेश दे दिया। इस संदर्भ में एक अहम तथ्य यह है कि दोषी सिद्ध होने के बाद निचली अदालत ने साफ कहा था कि सेंगर को जीवन भर जेल में रहना होगा। जाहिर है, अपराध की गंभीरता और प्रकृति के मद्देनजर निचली अदालत में सेंगर को मिली सजा को कानून के मुताबिक माना जा रहा था, लेकिन दिल्ली उच्च न्यायालय ने जिस आधार पर उस सजा को निलंबित करने का आदेश दिया, वह स्वाभाविक ही विवादों के घेरे में आ गया। अब सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई है। दरअसल, इस घटना के बाद पीड़िता को जिन हालात का सामना करना पड़ा और उसके जीवन तक पर जिस तरह के जोखिम खड़े हुए थे।

*एक दावा यह भी है कि अहमद शाह ने अपने पीर हज़रत शेख़ अहमद खट्टू गंज बख़्श की सलाह पर अहमदाबाद शहर बसया। लेकिन एक और लेखक खान बहादुर ने अपनी पुस्तक 'हिस्ट्री ऑफ़ गुजरात' में लिखा है कि अहमद शाह ने चार अहमदों, जिनमें एक उनके गुरू भी थे, के नाम पर शहर का नाम अहमदाबाद रखा। गुजरात के जाने-माने पत्रकार अच्युत याज्ञनिक और उनकी साथी सुचित्रा सेठ ने अपनी किताब अहमदाबाद फ्रॉम रॉयल सिटी टू मेगा सिटी में अहमदाबाद, कर्णावती और असावल की चर्चा की है। अहमदाबाद को अरबी और फ़ारसी इतिहासकारों ने इसे असावल कहा है, जबकि संस्कृत और प्राकृत साहित्य में इसे आशापल्ली कहा गया है।*

# राष्ट्रमंडल खेलों के बहाने क्या अहमदाबाद बन पाएगा कर्णावती

**(उमेश चतुर्वेदी)**

गुजरात के इस प्रमुख नगर को पहले कर्णावती के ही नाम से जाना जाता था। दस्तावेजों के मुताबिक, इसकी स्थापना 11वीं सदी में सोलंकी शासक कर्णदेव ने की थी। उसी के नाम के चलते इसे कर्णावती कहा जाता था। लेकिन बाद में वहां सुल्तान अहमद शाह ने आक्रमण किया और कब्जे के बाद उसने इस शहर के बगल में 1411 में 'अहमदाबाद' बसाया। राष्ट्रमंडल खेलों के शताब्दी वर्ष के आयोजन की जिम्मेदारी अहमदाबाद को मिलने के बाद एक बार फिर उसका नाम बदलकर कर्णावती करने को लेकर सोशल मीडिया पर मांग तेज हो गई है। तर्क दिया जा रहा है कि राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन यानी साल 2030 तक गुजरात की पहली राजधानी को कर्णावती के नाम से जाना चाहिए। यह पहला मौका नहीं है, जब इस शहर का नाम बदलने की मांग हो रही है। जब साल 2018 में गुजरात के सहोदर राज्य महाराष्ट्र की तत्कालीन सरकार ने कई शहरों के नाम बदले, तब भी यह मांग उठी थी। लेकिन तब इसे अस्वीकार कर दिया गया था। वैसे भी भारतीय जनता पार्टी का जोर भारत के प्राचीन रूप और नाम पर रहा है, फिर गुजरात की सत्ता पर भाजपा तकरीबन तीन दशक से काबिज है, इसकी वजह से शहर को पुराने नाम की पहचान दिलाने की चाहत रखने वाले रह-रहकर मांग करते रहे हैं। गुजरात के इस प्रमुख नगर को पहले कर्णावती के ही नाम से जाना जाता था। दस्तावेजों के मुताबिक, इसकी स्थापना 11वीं सदी में सोलंकी शासक कर्णदेव ने की थी। उसी के नाम के चलते इसे कर्णावती कहा जाता था। लेकिन बाद में वहां सुल्तान अहमद शाह ने आक्रमण किया और कब्जे के बाद उसने इस शहर के बगल में 1411 में 'अहमदाबाद' बसाया। कर्णावती नाम करने की मांग के पीछे इस शहर को उसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जड़ों से फिर से जोड़ने की चाहत से प्रेरित है। कुछ वैसे ही, जैसे उत्तर प्रदेश में फैजाबाद को बदलकर अयोध्या, मुगलसराय को बदलकर दीनदयाल उपाध्याय नगर, इलाहाबाद को बदलकर प्रयागराज कर दिया गया है। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद गौरवशाली अतीत से जुड़ने और उसकी संज्ञाओं को बहाल करने का दौर तेज हो गया है। अयोध्या में राममंदिर, वाराणसी में काशी-विश्वनाथ कॉरीडोर और उज्जैन में महाकाल कॉरीडोर बनने के बाद पुनरूत्थानवादी सोच और प्रक्रिया को और बल मिला है। ऐसे में अहमदाबाद को पुराने कर्णावती नाम से जानने-पुकारने की इच्छा होना अचरज की बात नहीं है। कर्णावती नाम करने को लेकर कभी इसी शहर के एलिसब्रिज से विधायक और अब गांधीनगर से सांसद गृहमंत्री अमित शाह और अहमदाबाद पूर्व से लोकसभा सदस्य रहे हंसमुख भाई पटेल नकार चुके हैं। यह बात और है कि कभी हसमुख पटेल खुद भी कर्णावती नाम करने के लिए अभियान चला चुके थे। उन्होंने खुद 1995 और 2000 में नाम बदलने के लिए आवेदन भी दिया था, लेकिन इसे नकार दिया गया था। बाद में उन्होंने ही 2005 में शहर को हेरिटेज सिटी यानी विरासत शहर का दर्जा देने की मांग की थी। इसके बाद वे कर्णावती नाम किए जाने की मांग से पीछे हट गए थे। तब उन्होंने कहा था कि अब अगर अहमदाबाद शहर का नाम बदलकर कर्णावती किया गया तो उसे वर्ल्ड हेरीटेज सिटी का दर्जा मिलना मुश्किल हो जाएगा। साल 2018 में गुजरात के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री नितिन पटेल ने कहा था कि राज्य सरकार अहमदाबाद का नाम बदलकर कर्णावती करने पर विचार कर रही है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी ऐसा कहते रहे। तब उनकी राय सामने आने के बाद अहमदाबाद के इतिहास को लेकर नई बहस छिड़ गई थी। इसी तरह जब से अहमदाबाद को 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन का जिम्मा मिला है, एक बार फिर यही बहस तेज हो गई है। अहमदाबाद ही कर्णावती था, इसकी जानकारी कई ऐतिहासिक पुस्तकों में मिलती है। ऐसी ही एक पुस्तक है, गुजरात विश्वविद्यालय में फ़ारसी के प्रमुख रहे छोटूभाई नायक की किताब 'हिस्ट्री ऑफ़ इस्लामिक सल्तनत इन गुजरात'। इसमें छोटू भाई नायक ने बताया है कि गुजरात के पहले स्वतंत्र शासक मुज़फ़्फ़रशाह ने अपने चार लड़कों को दरकिनार करते हुए अपने पोते अहमद शाह को अनहिलवाद के सिंहासन पर बैठा दिया था। जिसे आज हम पाटन के नाम से जानते हैं। इसी मुज़फ़्फ़र शाह के पांच बेटे थे, फ़िरोज़ ख़ान, हैबत ख़ान, सादत ख़ान, तातार ख़ान और शेर ख़ान। जिस अहमद शाह ने अहमदाबाद बसाया, वह तातार ख़ान का बेटा था। अहमद शाह के चाचाओं को इस बात का मलाल रहा कि राज्य में उन्हें हिस्सा नहीं मिला। गुजरात के इतिहास पर अंग्रेज लेखक एडवर्ड क्लाइव बेले की मशहूर किताब है, 'द लोकल मौह्मडन डायनेस्टीज़- गुज़रात'। इसमें उन्होंने मुजफ्फरशाह परिवार के संघर्ष पर प्रकाश डाला है। इस पुस्तक में बताया गया है कि फ़िरोज़ ख़ान का बेटा और अहमद शाह का चचेरा भाई मौदूद तब बड़ोदा का गवर्नर था। मौदूद ने अपने पिता फ़िरोज़ ख़ान के साथ मिलकर अहमद शाह के ख़िलाफ़ बग़ावत छेड़ने की तैयारी की और अपने साथ अमीर मुसलमानों को मिलाना शुरू किया। इस पुस्तक के मुताबिक, तत्कालीन दो हिंदू सरदारों, जीवनदास खत्री और प्रयागदास ने भी फ़िरोज़ ख़ान का साथ दिया। छोटू भाई शाह की पुस्तक के अनुसार, मालवा के सुल्तान हुशांग शाह ने भी अहमद शाह के ख़िलाफ़ बग़ावत में फ़िरोज़ ख़ान का साथ दिया था। अहमद शाह के ख़िलाफ़ खड़ी हो रही सेना की अगुआई मौदूद के हाथ थी, उसने जीवनदास को अपना वज़ीर घोषित कर दिया। जीवनदास ने पाटन पर हमले की सलाह दी। लेकिन कई ने इसका विरोध किया। कुछ लोग ऐसे भी रहे, जिन्होंने समझौते का प्रस्ताव रखा था। लेकिन दोनों पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि कुछ लोगों ने पलट कर अहमद शाह से मिल गए। बहरहाल बाद में संघर्ष हुआ, जिसमें जीवनदास खत्री मारा गया। इसके बाद मौदूद को मजबूरी में खंबात का रूख करना पड़ा। वहां सूरत के शेख मलिक और रेंडर से उसकी मुलाकात हई। इस बीच अहमद शाह उसका पीछा करता रहा और उसने जल्द ही मौदूद को गिरफ्तार करके भरूच किले को घेर लिया। बाद में सुल्तान को मौदूद पर दया आ गई और उसने मौदूद को रिहा करके वापस लौट गए। पाटन लौटते वक्त अहमदशाह ने साबरमती के किनारे असावल नामक कस्बे के पास डेरा डाला था। जिसके प्रमुख आशा भील थे। इसका जिक्र फारसी भाषा में लिखी अली मुहम्मद ख़ान की किताब मिरात-ए-अहमदी में जिक्र मिलता है। छोटूभाई नायक भी अपनी किताब में यही बात लिखते हैं। जहां सुल्तान रुका था, वहीं उसने नया शहर बसाने का फ़ैसला किया। इसके बाद सुल्तान अपनी सेना लेकर आए जिसके बाद असावल के सरदार आशा भील को अपना क़स्बा छोड़कर भागना पड़ा। लेकिन आशा भील इसका विरोध कर रहे थे। लेकिन अहमदशाह की सेना के सामने वह टिक नहीं पाए और उन्हें पलायन करना पड़ा। फिर अहमदाबाद शहर की नींव 1411 के फरवरी-मार्च महीने में रखी गई।

# गुरु की गर्जना, सभ्यता की शपथ- सवा लाख से एक लड़ाने वाला महासंत

**(प्रणय विक्रम सिंह)**

इतिहास के कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जब कोई व्यक्ति नहीं, पूरी सभ्यता बोलती है। गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज ऐसे ही क्षणों की आवाज हैं। वे किसी युग के साधु नहीं, सभ्यता के सेनापति थे। वे उस समय खड़े हुए, जब सनातन संस्कृति को मिटाने की योजनाएं तलवार से कम और विश्वासघात से अधिक रची जा रही थीं। उस समय गुरु ने समझौता नहीं किया, संघर्ष का शंखनाद किया।उस अंधकार में गुरु का जीवन दीपशिखा बनकर जला, न केवल सिख पंथ के लिए, बल्कि सम्पूर्ण भारतीय चेतना के लिए। गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज ने धर्म को पूजा की परिधि से निकालकर जीवन का साहस बनाया। उनके लिए स्वधर्म का अर्थ आत्मरक्षा भर नहीं था, बल्कि समाज और संस्कृति की रक्षा था। वे जानते थे कि जब अन्याय संगठित हो जाए, तो सत्य को भी संगठित होना पड़ता है। ऐसे समय पर धर्म का मौन अपराध बन जाता है। यही कारण है कि गुरु ने शास्त्र से शील और शस्त्र से शौर्य दोनों को एक ही श्वास में साधा। यही संत-सैनिक परंपरा है। यही खालसा है। और यही सनातन की वह चेतना है, जो संकट में तपकर और तेजस्वी होती है। इसी कारण इतिहास में वह गर्जना गूंजती है कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं। यह पंक्ति कविता नहीं, घोषणा है। यह अहंकार नहीं, आत्मविश्वास है। यह संख्या की चुनौती नहीं, चरित्र की कसौटी है। गुरु कहते हैं कि मैं तब ही गुरु कहलाऊंगा, जब भयभीत भी वीर बनें, जब कमज़ोर भी शेर बनें, जब दमन के आकाश में उड़ती चिड़िया भी बाज से भिड़ने का साहस करे। यही खालसा का संकल्प हैज गिनती से नहीं, गुण से लड़ना। सिख पंथ कोई पृथक मार्ग नहीं, सनातन चेतना का ओजस्वी, उज्ज्वल और निर्भीक विस्तार है।सनातन परंपरा के पुनरुत्थान की उद्घोषणा है। गुरु गोबिन्द सिंह जी की वाणी में वेदों का विवेक है, गीता का कर्मयोग है और शक्ति-उपासना का ओज है। चंडी चरित्र में वे महाशक्ति का आह्वाहन करते हैं, चौबीस अवतार में विष्णु परंपरा का विस्तार करते हैं और 'शुभ करमन से कबहुँ न टरौं' में उसी सनातन प्रतिज्ञा को स्वर देते हैं, जिसने भारत को कभी पराजित नहीं होने दिया। गुरु के लिए राम, कृष्ण, दुर्गा प्रतीक नहीं संस्कार हैं। युद्धभूमि की प्रेरणा हैं। उनका जीवन सुविधाओं का नहीं, संघर्षों का सिंहनाद है। बलिदानों की बरछी है। आनंदपुर की घेराबंदी, चमकौर का रण, सरहिंद का रक्तरंजित अध्याय ये सब बताते हैं कि गुरु ने धर्म के लिए केवल प्रवचन नहीं दिए, वंश अर्पित कर दिया। 'जफरनामा' कोई शिकायत नहीं, बल्कि विजय-पत्र है। उस सत्य की विजय, जो सत्ता के सिंहासन से भी ऊंचा होता है। जब गुरु कहते हैं कि अब झूठी कसमों पर भरोसा नहीं, तो वह केवल औरंगज़ेब को नहीं, पूरी इस्लामी छल-परंपरा को ललकार रहे होते हैं। चार साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास का वह शिखर है, जहां काल भी नतमस्तक हो जाता है।

## सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5958

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5957

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5958

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | 8 | | | | |
| | 9 | 10 | | | 11 | 12 | |
| 13 | | | | 14 | | | |
| | | 15 | 16 | | | | |
| 17 | | | 18 | | | | 19 |
| | | 20 | | | | 21 | |
| | 22 | | | | | 23 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 5 मई 1916 को भारत के इस पूर्व राष्ट्रपति (25 जुलाई 1987) ने जन्म लिया था (6)
7. अंधकार, तमोगुण, विषय वासना रूपी अज्ञान (2)
8. अगाध, गहन, घनिष्ठ (3)
9. चक्षु, नेत्र, आंख (3)
11. पावती, पहुंच पत्र (3)
14. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
15. कुली से करोड़पति बनने की अमिताभ बच्चन की एक फिल्म (3)
17. स्वांग, आउटफिट, ड्रैस (2)
18. अक्षदंड, आक का पौधा, गंध द्रव्य (3)
20. अनुनय, नम्र व्यवहार (3)
21. पेट के बल, अनुत्तान, यवनिका (2)
22. घोड़ा, कीकान, रथ वाहक (2)
23. समूह, गुट, फूल की पंखुडी (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मालूम, जो जानकारी में हो (2)
2. नीरोग, चंगा, तंदरूस्त (3)
3. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराऐ जाते हो (3)
4. शेर, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
5. हल्का बुखार आने की अवस्था यह कहलाती है (4)
6. एक प्रसिद्ध विस्फोटक चूर्ण (3)
10. हजरत मूसा के धर्म का अनुयायी (3)
12. फ्रांस कीयह नदी इंग्लिश चैनल में जाकर गिरती है, पेरिस शहर इस नदी के किनारे स्थित है (2)
13. भारतीय आर्यों के सर्वप्रधान धार्मिक ग्रंथों में से एक जिसकी एक संहिता है जिसमें 1810 ऋचाऐं है भारतीय संगीत शास्त्र का आरंभ इसी से होता है (4)
14. वरदाता, वर देने वाला (5)
16. विष्णु का पांचवां अवतार जो राजा बलि को छलने के लिए हुआ था (3)
19. जिसे टाला न जा सके, स्थाई (3)
20. जगत, संसार, दुनिया (2)
21. ओहदा, पदवी (2)

### वर्ग पहेली 5957 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रि | टे | न | | र | घु | वं | श |
| ज | ल | ज | | | न | | ल |
| | र | फ | बु | क | | न | भ |
| सु | | | डा | ल | दा | र | |
| ख | रा | | पे | श | गी | | क |
| दा | | पे | स्ट | | | | र्णा |
| य | म | ज | | क | र | व | ट |
| क | ला | | भ्र | ष्ट | | ह | क |

# आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन परिवारजनों के साथ गुजरेगा। शाम से लेकर रात तक पत्नी व बच्चों के साथ आस-पास की यात्रा का योग बन रहा है। आज व्यापार में भी आरको प्रगति देखने को मिलेगी। इससे आप प्रसन्न रहेंगे और आपका दिन अच्छा बीतेगा। वैवाहिक जीवन भी आज आनन्द दायक दिख रहा है। छात्रों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा।

### वृष
आज दिन शुभ दिखाई दे रहा है। राशि स्वामी शुक्र की अष्टम आयु भाव में स्थिति और चन्द्रमा का मीन राशि में संचार आश्चर्य और मन को संतोष का देने वाला रहेगा। इस दौरान लंबे समय से इंतजार कर रहे किसी शुभ समाचार को सुनकर मन प्रसन्न हो जाएगा। वही, रात का समय घर-परिवार के लोगों के साथ हास्य विनोद में व्यतीत होगा।

### मिथुन
आज आपको सांसारिक सुखों की प्राप्ति होगी, मान-सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। इस दौरान नई खोजों में भी आपकी रुचि बढ़ेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात के योग बन रहे हैं। इससे आपके अंदर नई आशाओं का संचार होगा।

### कर्क
आज आपके स्वभाव, कार्यक्षेत्र और मानसिक स्थिति पर दिखाई देगा। आज जो भी काम आप करेंगे सरलता बनते चले जाएएंगे। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है। जायदाद या किसी अन्य मूल्यवान वस्तु की सौदेबाजी करने से पहले उसके सारे वैधानिक दस्तावेजों का अच्छी तरह अध्ययन कर लें।

### सिंह
आज का दिन अत्यंत शुभ फल देने वाला संयोग बना रहे हैं। इसके प्रभाव से आपके किए गए प्रयासों में सफलता मिलने की संभावना प्रबल रहती है। वहीं, आपके पराक्रम में वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल गिरेगा। बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। दूसरों की मदद करने से आपको सुकून मिलेगा। शाम के समय में किसी विद्वान व्यक्ति से मिलने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

### कन्या
आज संतान पक्ष से हर्ष और लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति के संकेत दे रहा है। अपनी उत्तम कार्यशैली व विनम्र स्वभाव का आज भी आपको लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल रहेंगे। पास व दूर की यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

### तुला
आज आपकी अपने साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी। आगे चलकर उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। छात्रों को सलाह है कि अपना अधिक से अधिक समय अध्ययन में लगाएं। सायंकाल से लेकर रात्रि का समय पूजा व किसी धार्मिक अनुष्ठान में व्यतीत होगा।

### वृश्चिक
आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। हालांकि, आपको थोड़ा सतर्क भी रहना होगा। किसी भी मामले में जल्दबाजी में लिया फैसला नुकसान का कारण बन सकता है। व्यक्तिगत मतभेदों को व्यावसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है। प्रेमी या किसी अन्य निकट के व्यक्ति से कोई कहासुनी हो सकती है। ऐसे में बातचीत से मामले को सुलझाना बेहतर रहेगा।


### मकर
आज विरोधियों पर जीत मिलेगी। आज आपके विरोधी परास्त होते चले जाएंगे। पारिवारिक जीवन भी सुखमय रहेगा। राजनीतिक सहयोग से सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा। हालांकि, इस दौरान वाणी पर संयम रखना आपके लिए जरूरी होगा। रुपये पैसे के लेन-देन में सावधानी बरतें। सायंकाल से लेकर रात्रि तक जीवनसाथी के साथ स प्रगाढ़ होंगे। यात्रा में सावधान रहें।

### कुंभ
आज आपके ग्रह आपकी प्रगति कर रहे हैं। हालांकि, सुबह से ही आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्था में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबाशी मिलेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि देर तक जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। थकान से थोड़ी परेशानी हो सकती है। इससे आपके दिमाग को भी रिलेक्स मिलेगा।

### धनु
आज अपने स्वास्थ्य पर थोड़ा ध्यान देना होगा। आज किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर भी आप चिंतित रह सकते हैं। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा देखने को मिलेगा। अपने जूनियर से काम निकालने के लिए प्यार से काम लेना आपके लिए बेहतर होगा। घर में भी वातावरण हल्का फुल्का बना रहेगा। आपके सभी काम खुशी-खुशी बनते जाएंगे।

### मीन
आज का दिन शुभ समाचार लेकर आया है। आज आपको कोई उपहार या सम्मान मिल सकता है। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ होने के योग बनते दिख रहे हैं। रोजी-रोजगार की दिशा में भी आपको अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। सायंकाल से लेकर रात्रि तक अनचाही यात्रा का योग है। यह यात्रा आपके लिए लाभप्रद सिद्ध होगी।

# व्यवहार से ग्रहों की स्थितियां होती हैं प्रभावित




ग्रहों का व्यक्ति के जीवन के साथ-साथ व्यवहार पर भी सीधा प्रभाव पड़ता है। हमारा व्यवहार हमारे ग्रहों की स्थितियों से संबंध रखता है या हमारे व्यवहार से हमारे ग्रहों की स्थितियां प्रभावित होती हैं। अच्छा या बुरा व्यवहार सीधा हमारे ग्रहों को प्रभावित करता है। ग्रहों के कारण हमारे भाग्य पर भी इसका असर पड़ता है। कभी-कभी हमारे व्यवहार से हमारी किस्मत पूरी बदल सकती है।

**वाणी-**

वाणी का संबंध हमारे पारिवारिक जीवन और आर्थिक समृद्धि से होता है।

ख़राब वाणी से हमें जीवन में आर्थिक नुक्सान उठाना पड़ता है।

कभी-कभी आकस्मिक दुर्घटनाएं घट जाती हैं।

कभी-कभी कम उम्र में ही बड़ी बीमारी हो जाती है।

वाणी को अच्छा रखने के लिए सूर्य को जल देना लाभकारी होता है।

गायत्री मंत्र के जाप से भी शीघ्र फायदा होता है।

**आचरण-कर्म**

हमारे आचरण और कर्मों का संबंध हमारे रोजगार से है।

अगर कर्म और आचरण शुद्ध न हों तो रोजगार में समस्या होती है।

व्यक्ति जीवन भर भटकता रहता है।

साथ ही कभी भी स्थिर नहीं हो पाता।

आचरण जैसे-जैसे सुधरने लगता है, वैसे-वैसे रोजगार की समस्या दूर होती जाती है।

आचरण की शुद्धि के लिए प्रात: और सायंकाल ध्यान करें।

इसमें भी शिव जी की उपासना से अद्भुत लाभ होता है।

**जिम्मेदारियों की अवहेलना**

जिम्मेदारियों से हमारे जीवन की बाधाओं का संबंध होता है।

जो लोग अपनी जिम्मेदारियां ठीक से नहीं उठाते हैं उन्हें जीवन में बड़े संकटों, जैसे मुक़दमे और कर्ज का सामना करना पड़ता है।

व्यक्ति फिर अपनी समस्याओं में ही उलझ कर रह जाता है।

अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कोताही न करें।

एकादशी का व्रत रखने से यह भाव बेहतर होता है।

साथ ही पौधों में जल देने से भी लाभ होता है।

**सहायता न करना-**

अगर सक्षम होने के बावजूद आप किसी की सहायता नहीं करते हैं तो आपको जीवन में मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कभी न कभी आप जीवन में अकेलेपन के शिकार हो सकते हैं।

जितना लोगों की सहायता करेंगे, उतना ही आपको ईश्वर की कृपा का अनुभव होगा।

आप कभी भी मन से कमजोर नहीं होंगे।

दिन भर में कुछ समय ईमानदारी से ईश्वर के लिए जरूर निकालें।

इससे करुणा भाव प्रबल होगा, भाग्य चमक उठेगा।

# वास्तु: इस दिशा में खुले तिजोरी तो होता है धन-लाभ

हर कोई घर में सुख-शांति और लक्ष्मी का वास चाहता है और इसके लिए लोग कई उपाय करते है। कुछ लोग पूजा-पाठ, हवन तो कुछ आपना घर वास्तु के अनुसार बनवाते हैं। वहीं वास्तु के अनुसार अगर आप घर में कुछ चीजें दिशा के अनुसार रखते हैं तो इसका भी असर आपके जीवन पर पड़ता है।

**आइए जानते हैं वास्तु से जुड़ी कुछ बातें :**

1. ड्रेसिंग टेबल के साथ दर्पण पूर्व या उत्तर की दीवारों पर होना चाहिए।

2. अलमारी शयन कक्ष के उत्तर पशि्चमी या दक्षिण की ओर होनी चाहिए। टीवी, हीटर और एयर कंडीशनर दक्षिण पूर्वी दिशा के कोने में स्थित होना चाहिए।

3. पढ़ने और लिखने की जगह पूर्व या शयन कक्ष के पशि्चम की ओर होनी चाहिए जबकि पढ़ाई करते समय मुंह पूर्व दिशा में होना चाहिए।

बेडरूम में सेफ या तिजोरी दक्षिण की दीवार के साथ रखनी चाहिए। खुलते समय उसका मुंह उत्तर की तरफ खुलना चाहिए। इससे धन में कमी नहीं आएगी।


4. दक्षिण-पशि्चम और पशि्चम कोना कभी खाली नहीं रखना चाहिए।

5. बेडरूम के साथ लगता बाथरूम, कमरे के पशि्चम या उत्तर में होना चाहिए।

6. सोते समय एक अच्छी नींद के लिए सिर पूर्व या दक्षिण की तरफ होना चाहिए।



**मान्यता है कि भगवान गणेश के साथ-साथ सूर्य देव की उपासना करना बहुत फलदायी माना जाता है। इसलिए बप्पा के साथ ही सूर्य देव की भी उपासना करें।**





# भगवान गणेश के साथ-साथ सूर्य देव की उपासना करना बहुत फलदायी माना जाता है

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सूर्य देव को सभी ग्रहों का राजा माना जाता है। इसीलिए इसकी शुभ-अशुभ स्थिति व्यक्ति के जीवन पर बहुत गहरा प्रभाव डालती है। वास्तु शास्त्र के अनुसार सूर्य देव की अलग-अलग प्रतिमाएं रखना शुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अपनी इच्छानुसार घर में सूर्य देव की प्रतिमाएं रखी जा सकती हैं। तो आइए आज जानते हैं कि सूर्य देव की कौनसी प्रतिमा को घर में रखा जा सकता है।

**लकड़ी की प्रतिमा**

ज्योतिष और वास्तु के अनुसार सूर्यदेव की लकड़ी की प्रतिमा घर रखना बहुत अच्छा माना जाता है। मान्यता है कि इसके निरंतर पूजा-पाठ करने से घर के लोगों का समाज में मान-सम्मान बढ़ता है। इसके साथ ही उन्हें भाग्य का साथ मिल जाता है।

**मिट्टी की प्रतिमा**

जिस जातक की कुंडली में सूर्य दोष हो और उसके सभी कामों में बार-बार बाधाएं आ रही हो तो वो इंसान घर में पत्थर या मिट्टी की सूर्य प्रतिमा रख सकता है। कहा जाता है कि इसकी पूजा करने से हर कार्य में सफलता मिलती है।

**तांबे की प्रतिमा**

कहते हैं कि घर में सकारात्मकता बनाए रखने के लिए हर किसी को तांबे से बनी प्रतिमा रखनी चाहिए। इसके शुभ असर से सभी परेशानियों से छुटकारा मिल सकता है।

**चांदी की प्रतिमा**

कार्य क्षेत्र में अधिकार बनाए रखने के लिए चांदी की सूर्य प्रतिमा रख सकते हैं।

**सोने की प्रतिमा**

सोने से बनी सूर्य प्रतिमा घर में रखने और उसकी पूजा करने से घर में धन-धान्य बढ़ता है, सुख-समृद्धि बनी रहती है।

# भक्तों के पास रहते हैं भगवान

**किसी भी वस्तु की चेतनता की पहचान इच्छा, क्रिया अथवा अनुभूति के होने से होती है। अगर किसी वस्तु में ये तीनों नहीं होते हैं, तो उसे जड़ वस्तु कहते हैं और इन तीनों के होने से उसे चेतन वस्तु कहते हैं। मनुष्य में इन तीनों गुणओं के होने से उसे चेतन कहते हैं। मनुष्य के मृत शरीर में इनके न होने से उसे अचेतन अथवा जड़ कहते हैं।**

प्रश्न यह उठता है कि जो मनुष्य अभी-अभी इच्छा, क्रिया अथवा अनुभूति कर रहा था और चेतन कहला रहा था, वही मनुष्य इनके न रहने से मृत क्यों घोषित कर दिया गया जबकि वह सशरीर हमारे सामने पड़ा हुआ है? आमतौर पर एक डॉक्टर बोलेगा कि इस शरीर में प्राण नहीं हैं। शास्त्रीय भाषा में, जब तक मानव शरीर में आत्मा रहती है, उसमें चेतनता रहती है। उसमें इच्छा, क्रिया व अनुभूति रहती है। आत्मा के चले जाने से वही मानव शरीर इच्छा, क्रिया व अनुभूति रहित हो जाता है, जिसे आमतौर पर मृत कहा जाता है।

शास्त्रों के अनुसार स्वरूप से आत्मा सच्चिदानन्दमय होती है। सच्चिदानन्द अर्थात सत्+चित्+आनंद। संस्कृत में सत् का अर्थ होता है नित्य जीवन अर्थात् वह जीवन जिसमें मृत्यु नहीं है, चित् का अर्थ होता है ज्ञान जिसमें कुछ भी अज्ञान नहीं है और आनंद का अर्थ होता है नित्य सुख जिसमें दु:ख का आभास मात्र नहीं है। यही कारण है कि कोई मनुष्य मरना नहीं चाहता, कोई मूर्ख नहीं कहलवाना चाहता और कोई भी किसी भी प्रकार का दु:ख नहीं चाहता।

अब नित्य जीवन, नित्य आनंद, नित्य ज्ञान कहां से मिलेगा? जैसे सोना पाने के लिए सुनार के पास जाना पड़ता है, लोहा पाने के लिए लोहार के पास, इसी प्रकार नित्य जीवन-ज्ञान-आनंद पाने के लिए भगवान के पास जाना पड़ेगा क्योंकि एकमात्र वही हैं जिनके पास ये तीनों वस्तुएं असीम मात्रा में हैं। प्रश्न हो सकता है कि बताओ भगवान मिलेंगे कहां? ये भी एक बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न है। कोई कहता है भगवान कण-कण में हैं, कोई कहता है कि भगवान मंदिर में हैं, कोई कहता है कि भगवान तो ह्रदय में हैं, कोई कहता है कि भगवान तो पर्वत की गुफा में, नदी में, प्रकृति में वगैरह।

वैसे जिस व्यक्ति के बारे में पता करना हो कि वह कहां रहता है, अगर वह स्वयं ही अपना पता बताए तो उससे बेहतर उत्तर कोई नहीं हो सकता। उक्त प्रश्न के उत्तर में भगवान कहते हैं कि मैं वहीं रहता हूं, जहां मेरा शुद्ध भक्त होता है। चूंकि हम सब के मूल में जो तीन इच्छाएं- नित्य जीवन, नित्य ज्ञान व नित्य आनंद हैं, वे केवल भगवान ही पूरी कर सकते हैं, कोई और नहीं। इसलिए हमें उन तक पहुंचने की चेष्टा तो करनी ही चाहिए।भगवान स्वयं बता रहे हैं कि वह अपने शुद्ध भक्त के पास रहते हैं। अत: हमें ज्यादा नहीं सोचना चाहिए और तुरंत ऐसे भक्त की खोज करनी चाहिए जिसके पास जाने से, जिसकी बात मानने से हमें भगवद्प्राप्ति का मार्ग मिल जाए। साथ ही हमें यह सावधानी भी बरतनी चाहिए कि कहीं वह भगवद्-भक्त के वेश में ढोंगी न हो। स्कंद पुराण के अनुसार भगवान शिव माता पार्वती से कहते हैं कि कलियुग में ऐसे गुरु बहुत मिलेंगे जो शिष्य का सब कुछ हर लेते हैं, परंतु शिष्य का संताप हर कर उसे सद्मार्ग पर ले आए ऐसा गुरु विरला ही मिलेगा।



# हर समय महसूस होती है उदासी तो आजमाएं ये अचूक वास्तु टिप्स, बढ़ेगी पॉजिटिविटी

कई बार बाहर आते-जाते समय या फिर सबसे साथ होते हुए हमें ऐसा महसूस होता है, जैसे हम अकेले और बेबस हैं। कई बार बिना कारण रोने का मन करता है। ऐसे में अगर आप भी हर समय उदासी महसूस करते हैं, तो आप कुछ आसान वास्तु उपाय आजमाकर इस निगेटिविटी को दूर कर सकते हैं।

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में अक्सर लोगों को बिना किसी खास कारण के बेचैनी, उदासी और तनाव महसूस होने लगता है। यह कई बार हमारे आसपास मौजूद निगेटिव एनर्जी की वजह से होता है। जिसको वास्तु शास्त्र में 'वास्तु दोष' कहा जाता है। वास्तु के मुताबिक हमारे घर की बनावट, रंगों का चुनाव और वस्तुओं की दिशा सीधे तौर पर हमारी मानसिक शांति और भावनाओं को प्रभावित करने का काम करता है।



कई बार बाहर आते-जाते समय या फिर सबसे साथ होते हुए हमें ऐसा महसूस होता है, जैसे हम अकेले और बेबस हैं। कई बार बिना कारण रोने का मन करता है। ऐसे में अगर आप भी हर समय उदासी महसूस करते हैं, तो आप कुछ आसान वास्तु उपाय आजमाकर इस निगेटिविटी को दूर कर सकते हैं।

ऐसे दूर करें हर समय की उदासी

घर की दीवारों पर नीरस और गहरे रंग जैसे काला और भूरे रंग की बजाय हल्के और शांतिपूर्ण रंग जैसे हल्का हरा, हल्का नीला, पीला या क्रीम करवाएं। इन रंगों को सिर्फ अपने घर की दीवारों तक ही सीमित न रखें, बल्कि आप खुद भी इस तरह के रंगों के कपड़े अधिक से अधिक पहनें।

शुरूआत में हो सकता है कि आपको लगे कि यह कौन सा तरीका हुआ उदासी को दूर करने का। लेकिन यकीन मानिए कि आपको धीरे-धीरे बदलाव खुद महसूस होने लगेगा। इन चीजों को शुभ प्रभाव आप पर पड़ रहा है और आप सकारात्मकता की तरफ बढ़ रहे हैं।

हर समय की उदासी को मिटाने के लिए घर के खिड़की-दरवाजों को नियमित रूप से खोलें। जिससे कि ताजी हवा और प्राकृतिक रोशनी अंदर आ सके। सूर्य की रोशनी पॉजिटिव एनर्जी का सबसे बड़ा स्त्रोत है। वहीं अंधेरा उदासी और नकारात्मकता को बढ़ाता है।

वहीं शाम के समय पूरे घर में सुगंधित धूप या अगरबत्ती जलाएं। या फिर चंदन या लैवेंडर की खुशबू का उपयोग करें। इससे घर का वातावरण भी शुद्ध होता है और मन को शांति मिलती है। सोते समय हमेशा अपना सिर पूर्व या दक्षिण दिशा की ओर रखें।

वास्तु शास्त्र के मुताबिक उत्तर दिशा में सिर करके सोने से नींद की समस्याएं और तनाव बढ़ सकता है। अपने बेडरूम में इस बात का ध्यान रखें कि सोते समय शीशे में आपका प्रतिबिंब न दिखें। अगर शीशा ऐसी जगह पर है, तो रात में इसको पर्दे से ढक दें।

बेडरूम में आमने-सामने दो शीशें लगाने से भी तनाव बढ़ता है। वहीं अगर बिस्तर के ठीक ऊपर कोई बीम है, तो वहां से बिस्तर हटा लें। या फिर बीम को फॉल्स सीलिंग से ढक लें। बीम के नीचे सोने से मानसिक दबाव बढ़ता है।

इसके अलावा घर में कहीं भी धूल, कचरा या मकड़ी के जाले न जमने दें। खासकर घर के कोनों में अच्छे से सफाई करें। घर की गंदगी निगेटिविटी और मानसिक बोझ को बढ़ाता है। घर से टूटी हुई या दरार आई हुई चीजों को हटा दें। टूटी या दरार आई हुई चीजें नकारात्मकता लाती हैं, जोकि रिश्ते में तनाव व कलह का कारण बनती हैं। घर के पूर्व-उत्तर कोने को हमेशा साफ, हल्का और खाली रखें। क्योंकि यह दिशा शांति और मानसिक स्पष्टता से जुड़ी है। इसलिए इस दिशा में भारी सामान रखने से बचना चाहिए।

मानसिक तनाव को कम करने के लिए घर के ईशान कोण में किसी बड़े पात्र में साफ जल भरकर रखें। या फिर इस जगह एक छोटा सा पानी का फाउंटेन लगाएं।

# एकादशी के दिन तुलसी तोड़ना चाहिए या नहीं?

अक्सर लोगों के मन में यह प्रश्न उठता है कि क्या एकादशी के दिन तुलसी जी को स्पर्श करना या उन्हें जल अर्पित करना शुभ होता है या अशुभ। इस विषय को लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं, जिनके कारण लोग भ्रम में पड़ जाते हैं। आइए आपको बताते हैं प्रेमानंद महाराज ने इस पर क्या बताया है। हिंदू धर्म में तुलसी पौधा को पूजनीय माना गया है। हर घर में तुलसी मां की पूजा जरुर की जाती है। तुलसी का पौधा आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से पूजनीय है। माता लक्ष्मी का स्वरुप है तुलसी जी। तुलसी की पूजा करने बेहद पुण्यदायक माना जाता है। सनातन धर्म में पूजा पाठ को लेकर कई नियम बताएं है। ऐसे में मां तुलसी की पूजा करने के कुछ जरुरी नियम है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कई घरों में एकादशी के दिन तुलसी की पत्तियां नहीं तोड़ी जाती है। इसके अलावा तुलसी के पौधे को जल देना शुभ नहीं होता है। आपके मन में भी अक्सर सवाल जरुर आता होगा कि एकादशी के दिन तुलसी जी को स्पर्श करना या जल चढ़ाना शुभ माना जाता है या अशुभ।

तुलसी की पूजा क्यों जरुरी है?


तुलसी जी की पूजा, दर्शन और सेवा करने से सभी प्रकार के पापों का नाश होता है। तुलसी की मंजरी को भगवान के चरणों में अर्पित करने वाला व्यक्ति, चाहे वह कितना भी दोषयुक्त क्यों न हो, यमपुरी का भय कभी महसूस नहीं करता। घर में तुलसी का पौधा लगाने से श्राद्ध कर्म करने जितना कल्याण होता है और पितर भी तृप्त होते हैं।

# तारा सुतारिया ने बायफ्रेंड वीर पहाड़िया पर लुटाया प्यार



**अभिनेत्री** तारा सुतारिया इन दिनों फिल्मों की बजाय अपनी व्यक्तिगत जिंदगी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। हाल ही में एपी ढिल्लों के कॉन्सर्ट से वायरल हुए वीडियो के बाद, तारा और वीर पहाड़िया के रिश्ते को लेकर भी तमाम तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कॉन्सर्ट के दौरान वीर के सामने एपी ढिल्लों का तारा को किस करने और गले लगाने के बाद, सोशल मीडिया पर वीर का रिएक्शन वायरल था। जिसके बाद फैंस को उनके ब्रेकअप होने का डर सता रहा था। लेकिन अब तारा ने वीर पर प्यार लुटाते हुए इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। तारा सुतारिया ने इंस्टाग्राम पर अपने फ्रेंड ओरी द्वारा पोस्ट की गई एक सेल्फी कोलाज को री-शेयर किया है। यह तस्वीर किसी प्राइवेट पार्टी की मालूम पड़ती है। इसमें दो तस्वीरें हैं, पहली सेल्फी में ओरी वीर के साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। दूसरी तस्वीर में ओरी तारा सुतारिया के साथ पोज देते हुए दिख रहे हैं। इन तस्वीरों वाली ओरी की पोस्ट को अपनी स्टोरीज पर रीपोस्ट करते हुए तारा ने प्यार भरे अंदाज में लिखा है, 'आह माय (मेरा)' इसके साथ उन्होंने लाल दिल वाले इमोजी भी बनाए हैं। इसके जरिए उन्होंने वीर पहाड़िया पर जमकर प्यार लुटाया है। बीते दिनों तारा सुतारिया उस वक्त चर्चा में आ गई थीं जब एपी ढिल्लों के मुंबई में हुए कॉन्सर्ट से एक वीडियो सामने आया था। तारा और वीर कॉन्सर्ट में पहुंचे थे। वीडियो में दिखता है कि तारा वीर के साथ कॉन्सर्ट का आनंद ले रही हैं। तभी एपी ढिल्लों तारा को हाथ पकड़कर स्टेज पर ले जाते हैं। इसके बाद वो तारा को किस करते हैं और गले लगाते हैं। बाद में तारा और एपी क्लोज डांस भी करते हैं। इस दौरान वीडियो में वीर का रिएक्शन कैद हुआ था, जो काफी वायरल हो गया था। हालांकि, वीर गानों पर लिपसिंक भी कर रहे थे। इस वीडियो के सामने आने के बाद ही सोशल मीडिया पर यूजर्स ने दोनों के रिश्ते को लेकर भी तमाम तरह के कयास लगाए थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो तारा सुतारिया आखिरी बार 2023 में आई फिल्म 'अपूर्वा' में नजर आई थीं। इसके बाद से वो बड़े पर्दे से दूर हैं। जबकि वीर पहाड़िया ने साल 2025 की शुरुआत में आई फिल्म 'स्काई फोर्स'—से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की है।

# Drishyam 3' से अक्षय खन्ना आउट, जयदीप की एंट्री



**अजय** देवगन स्टारर 'दृश्यम' फिल्म का क्रेज फैंस के सिर पर चढ़ा हुआ है। इस फिल्म के दूसरा पार्ट भी चुका हैं, अब अगले साल 2 अक्टूबर, 2026 को 'दृश्यम 3' रिलीज होने के लिए तैयार है। दृश्यम 3 को लेकर फैंस भी काफी एक्ससाइटेड नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बीच एक खबर आई हैं कि इस फिल्म से अक्षय खन्ना को एग्जिट कर दिया है, जिसके बाद दर्शक भी थोड़ा दुखी नजर आ रहे हैं। दरअसल, पक्की खबर तो यह है कि 'पाताल लोक' के एक्टर जयदीप अहलावत अब इस मूवी नजर आ सकते हैं। जयदीप अहलावत ने 'धुरंधर' एक्टर को रिप्लेस किया है और इसकी पुष्टि खुद प्रोड्यूसर कुमार मंगत ने की है। इस बार अजय देवगन की 'दृश्यम 3' में श्रिया सरन, तब्बू और इशिता दत्ता बतौर स्टारकास्ट नजर आने वाली है। फिल्म की कहानी कुछ ज्यादा ही रोमांचक होने वाली है, जैसा कि इसके टीजर में एक्टर ने बताया था। लेकिन अब यह चर्चा हो रही है कि फीस के कारण अक्षय खन्ना जो दूसरे पार्ट में पुलिस के रोल में दिखे थे, वो नहीं होंगे। उन्होंने अपने कदम पीछे ले लिए हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर कुमार मंगत ने पुष्टि की है कि जयदीप अहलावत 'दृश्यम 3' में शामिल होंगे। 'दृश्यम एक बहुत बड़ा ब्रांड है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि अक्षय फिल्म में हैं या नहीं। अब अक्षय खन्ना की जगह जयदीप अहलावत को रिप्लेस किया है।

# प्रभास की 'द राजा साब' का ट्रेलर हुआ रिलीज

**द राजा** साब ट्रेलर 2.0 सोमवार, 29 दिसंबर को रिलीज होते ही छा गया है। डायरेक्टर मारुति की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' में प्रभास, संजय दत्त, रिद्धि कुमार, निधि अग्रवाल और मालविका मोहनन लीड रोल में हैं। 66 साल की जरीना वहाब 'राजा साब' में प्रभास की दादी का किरदार निभा रही हैं, जो कभी देवनगर की महारानी गंगा देवी हुआ करती थी। इस फिल्म की पूरी कहानी प्रभास की ऑन स्क्रीन दादी पर है। यह फिल्म एक हिप्नोटिस्ट और एक ऐसे आदमी के बीच की लड़ाई को दिखाती है, जो अपनी दादी को बचाने की कोशिश कर रहा है। पैन-इंडिया स्टार प्रभास की अगली थिएट्रिकल रिलीज 'द राजा साब' है। मारुति द्वारा डायरेक्टेड यह रोमांटिक हॉरर-कॉमेडी एंटरटेनर 9 जनवरी, 2026 को संक्रांति के मौके पर ग्रैंड रिलीज के लिए तैयार है। शनिवार को प्री-रिलीज इवेंट के बाद, मेकर्स ने अब रिलीज ट्रेलर जारी किया है, जिसमें कई दिलचस्प मोड़ देखने को मिले। द राजा साब के ट्रेलर में खुलासा हो चुका है कि फिल्म में कौन किस किरदार में नजर आने वाला है। फिल्म में संजय दत्त, प्रभास के दादा का रोल निभा रहे हैं और उनकी मौत के बाद, वह एक बुरी ताकत बन जाते हैं। द राजा साब के ट्रेलर में देखने को मिलता है कि उनकी आत्मा एक हवेली में रहती है और प्रभास अपने दादा के बारे में और जानकारी पाने के लिए वहां पहुंच जाता है, लेकिन उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं होता कि उनके चारों ओर कितना खतरा है। वो उस हवेली में जैसे ही एंट्री करता है। संजय दत्त का किरदार उसे वश में करते नजर आता है, जो अपनी ताकत के सामने उसे झुकाने की कोशिश करता है। इस बार हवेली नहीं माया महल की कहानी दिखाने को मिलेगी। 'द राजा साब' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त का माया महल जैसे कोई भूलभुलैया हो जो चमत्कारों और अनसुलझे सवालों से भरा है। प्रभास अपने दोस्तों के साथ वहां फंस जाता है। संजय दत्त के किरदार के पीछे क्या रहस्य है? मुख्य किरदार को किन उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ता है? और आखिर में क्या होता है? ट्रेलर में कई रहस्यों के बारे में बताया गया है।

# 'अंगूरी भाभी' के पास नहीं है मुंबई में घर



**टीवी** एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे लगातार सुर्खियों में छाई हुए हैं। सोशल मीडिया से लेकर खबरों के बाजार तक एक्ट्रेस की खूब चर्चा हो रही है। शिल्पा ने 10 साल बाद टीवी के पॉपुलर शो 'भाभीजी घर पर हैं' में वापसी की है। हालांकि, शिल्पा के पास मुंबई में कोई घर नहीं है और वो मुंबई में किराए पर रहती हैं। इसका खुलासा खुद शिल्पा ने किया है। आइए जानते हैं कि एक्ट्रेस ने क्या कहा? एक बातचीत के दौरान शिल्पा ने इस बारे में बात की। शिल्पा ने बताया कि मुंबई में उनकी कोई प्रॉपर्टी नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि वो मुंबई में किराए या फिर होटल में रहती हैं। शिल्पा ने बताया कि वापस सिटी लाइफ में रहना मुश्किल है। मैंने शो से जुड़ने का फैसला एकदम लिया था और बिना कुछ सोचे ही शो के लिए हां कर दी थी। शिल्पा ने बताया कि आसिफ जी का कॉल आया था और उन्होंने फोन पर कहा कि हर कोई आपको आपको मिस कर रहा है, शो करिए। उनकी बात सुनकर मैं भी तैयार हो गई थी और दूसरी बार सोचा नहीं था। हालांकि, बाद में समझ आया कि कुछ चीजों को मैनेज करना बेहद मुश्किल होगा, क्योंकि मैं इस दुनिया से बाहर आ चुकी हूं। शिल्पा ने कहा कि ये थोड़ा चैलेंजिंग जरूर था और अभी भी है। मैं उस फेज (कर्जत में रहना) को बहुत मिस करती हूं। हालांकि, आप दो नाव में सवार नहीं हो सकते और सही बैलेंस बनाना बहुत जरूरी है। इसके आगे शिल्पा से कर्जत में रहने को लेकर सवाल किया गया। एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या वो वहां रहने को मिल करती हैं? इसके जवाब में शिल्पा ने कहा कि हां मैं वहां रहना और उस लाइफ को मिस करती हूं क्योंकि वहां के मुकाबले शहर में शोर था।

# गुजरे जमाने की याद दिला रहा 'बॉर्डर 2' का टीजर 'घर कब आओगे...'

**सनी देओल,** वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म 'बॉर्डर 2' इन दिनों काफी चर्चा में है। फिल्म को सिनेमाघरों में 23 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म ने दर्शकों की एक्साइटमेंट को बढ़ा दिया है। ऐसे में जहां फिल्म से स्टार्स की झलक सामने आई है वहीं, अब इसके टीजर के बाद इसका गाना 'घर कब आओगे' का टीजर रिलीज किया गया है, जिसकी पहली झलक ने इस एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है। फिल्म 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' का टीजर टी-सीरीज के यूट्यूब चैनल से जारी किया गया है, जिसमें फिल्म का गाने की झलक देखते ही बन रही है। इस गाने को चार सिंगर्स ने मिलकर गाया है।





इसमें सोनू निगम, अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और दिलजीत दोसांझ जैसे सिंगर्स हैं, जिनकी आवाज में इसे काफी पसंद किया जा रहा है। इस गाने का नया वर्जन भी दिल को छू रहा है। उनकी आवाज में इस गाने के लिरिक्स को महसूस किया जा सकता है, जो गुजरे जमाने में रिलीज की गई 'बॉर्डर' की याद दिला रहा है। आपको बता दें कि 'बॉर्डर 2' में फिल्माया गया गाना 'घर कब आओगे' का ऑरिजनल वर्जन 'संदेशे आते हैं' है, जिसे सोनू निगम ने अपनी बेहतरीन आवाज से सजाया था। इसे सोनू निगम के साथ ही रूप कुमार राठौर ने गाया था। उनकी आवाज में ये गाना आज भी पॉपुलर है, जिसका म्यूजिक अनु मलिक ने दिया था और लिरिक्स जावेद अख्तर ने तैयार किया था। वहीं, 'बॉर्डर 2' के लिए इसके लिरिक्स मनोज मुंतशिर ने दिया है। अगर गाने की रिलीज की बात की जाए तो इसे 2 जनवरी, 2026 को रिलीज किया जाएगा। इसके साथ ही अगर 'बॉर्डर 2' का गाना 'घर कब आओगे' के टीजर पर लोगों के रिएक्शन की बात की जाए तो इस गाने को अभी टीजर ही रिलीज किया गया है, जिसे लेकर लोगों का कहना है कि ये 2026 का सबसे बड़ा गाना है। वहीं, सोनू निगम की आवाज में एक बार फिर से इस गाने ने लोगों को पुराने दिनों की याद दिला दी, जब इस फिल्म ने थिएटर में रिलीज के बाद लोगों की आंखों को नम कर दिया था। इसके साथ ही कुछ ने तो इस गाने को इंडियन आर्मी की आत्मा बता दिया। गौरतलब है कि 'बॉर्डर' का गाना 'संदेशे आते हैं' आज भी लोगों के बीच पॉपुलर है। गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस पर इस गाने की गूंज सुनाई देती है साथ ही आर्मी कैंप में अक्सर ये गाना सुनने के लिए मिल ही जाता है। ऐसे में अब देखना होगा कि फिल्म 'बॉर्डर 2' में इसका रिक्रिएट वर्जन लोगों को कितना पसंद आता है।

# सुनील ग्रोवर ने उतारी आमिर खान की नकल

**फेमस** कॉमेडियन कपिल शर्मा को कौन नहीं जानता, उनके शो को लोग विदेशों में भी पसंद करते हैं। हालांकि, कपिल तो अपने आप में स्टार हैं, लेकिन उनके शो में एक से बढ़कर एक धुरंधर शामिल हैं। उन्हीं में से एक नाम सुनील ग्रोवर का भी शामिल है, जिन्होंने अपने टैलेंट की बदौलत काफी लोगों के दिलों में जगह बनाई है शो के हालिया एपिसोड में भी सुनील ने लोगों को अपने मिमिक्री के टैलेंट से सभी को हैरान कर दिया, सुनील शो में आमिर खान के तौर पर शामिल हुए थे। द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हाल ही में कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे शामिल हुए, दोनों अपनी लेटेस्ट फिल्म तू मेरी मैं तेरी, मैं तेरा तू मेरी की प्रमोशन के लिए शामिल हुए। इस दौरान शो में सुनील ग्रोवर ने आमिर खान के गेटअप में एंट्री ली, जिसने हर किसी को काफी हैरान कर दिया. शो के लेटेस्ट एपिसोड का प्रोमो रिलीज हुआ है, जिसमें सुनील हुबहू आमिर खान की तरह दिख रहे थे, कार्तिक और अनन्या भी हैरानी से उनकी ओर देखने लगे थे। सुनील ने शाहरुख, सलमान की मिमिक्री से भी लोगों का दिल जीता है। सुनील ग्रोवर, जिन्हें कॉमेडी और सितारों की नकल के लिए जाना जाता है, ने इस बार बॉलीवुड के आमिर खान का ऐसा परफेक्ट इम्प्रेशन किया कि कई दर्शकों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्हें लगा 'असली आमिर खान मंच पर आ गए हैं।' ये सब देखने को मिला नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होने वाले शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के एक नए एपिसोड में, जहां सुनील ने न केवल शैली और हाव-भाव तक को हूबहू नकल किया, बल्कि अपने कॉमिक डायलॉग से मेहमानों को हंसते-हंसते लोटपोट कर दिया।





# बिकनी नहीं पहनेंगी कृति सेनन!



**आज** के दौर की टॉप एक्ट्रेस में गिनी जाने वाले कृति सेनन अपनी खूबसूरती के साथ एक्टिंग से भी लोगों को इंप्रेस कर चुकी हैं। उनकी अदाओं के लोग दीवाने हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों के जरिए उनका चार्म देखने को मिलता रहता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि ये वीडियो काफी पुराना है और इसका राबता उनके पहले ऑडिशन से है, जब कृति बॉलीवुड में अपने कदम जमाने की कोशिश में लगी थी। आज भले ही कृति पैठ जमा चुकी हों, लेकिन एक दौर ऐसा था जब वो इंडस्ट्री में काम की तलाश में कई ऑडिशन दे रही थी। ये वायरल हो रहा वीडियो भी उसी दौर का है। बताया जा रहा है कि सामने आया ये वीडियो 13 साल पुराना है। इस वीडियो में कृति सेनन ऑडिशन देने पहुंची हैं। वो काफी कॉन्फिडेंट नजर आ रही हैं। उन्होंने क्रीम कलर की एक ऑफ सोल्डर ड्रेस कैरी की है। कृति पहले अपने परिचय देती हैं और फिर वो साफ कहती हैं कि वो 2 पीस नहीं पहनेंगी, वो ऐसा करने में कंफर्टेबल नहीं हैं। इसके बाद वो एक्टिंग शुरू करती है, वो किसी आपदा में मदद मांग रही हैं। वो तीन बार अलग-अलग अंदाज में एक्ट करती दिखती हैं। वो मदद की गुहार लगाती नजर आ रही हैं। अब ये चर्चा हो रही है कि कृति ने पहले ही ऑडिशन में साफ कर दिया था कि वो बिकनी नहीं पहनेंगी और 11 साल के करियर में ऐसा ही हुआ भी। वो कभी भी बिकिनी पहने नजर नहीं आईं। लोगों का कहना है कि उन्होंने जो कहा वो कर भी दिखाया। कृति की तारीफ भी की जा रही है। जाहिर तौर पर कृति बोल्ड लुक में कई बार नजर आईं हैं, लेकिन उन्होंने हद से ज्यादा बोल्डनेस दिखाने से हमेशा ही परहेज किया है। बता दें, कृति सेनन ने साल 2014 में डेब्यू किया था। वो अभिनेता टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'हीरोपंती' से हिंदी सिनेमा में एंट्री की थीं। इससे पहले उन्होंने कई ऑडिशन दिए। अब जल्द ही कृति एक्टर शाहिद कपूर के साथ 'कॉकटेल 2' में नजर आएंगी।

# हिंदू सनातन मंच ने किया न्यायालय परिसर के सामने पुतला दहन



**कवर्धा ( समय दर्शन )।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा कथावाचक एवं संत धीरेंद्र शास्त्री को लेकर दिए गए बयान के विरोध में राजनीतिक व सामाजिक हलकों में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। श्री बघेल ने अपने बयान में धीरेंद्र शास्त्री की कार्यप्रणाली, उनके आयोजनों तथा गतिविधियों पर प्रश्न उठाते हुए उन्हें राजनीतिक एजेंडे से जोड़ने जैसी टिप्पणी की थी, जिसे लेकर हिंदू संगठनों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए न्यायालय परिसर के सामने बघेल का पुतला दहन किया। हिंदू सनातन मंच के सदस्यों में पोखराज सिंह परिहार, आदित्य झा, रवि सिंह राजपूत, तुलेश्वर शर्मा, नितिन पाठक सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने न्यायालय परिसर के सामने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

मंच के सदस्यों ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर रह चुके व्यक्ति द्वारा इस प्रकार की भाषा और आरोप न केवल अनुचित हैं, बल्कि इससे समाज में अनावश्यक वैमनस्य फैलने की आशंका भी बनती है। सनातन मंच का कहना है कि जो लोग हिंदू एकता और सनातन संस्कृति की बात करते हैं, वही आज कुछ नेताओं की आंखों में खटक रहे हैं। मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि धार्मिक विषयों को राजनीतिक दृष्टिकोण से देखने और सार्वजनिक मंचों से संतों पर टिप्पणी करने से समाज की भावनाएं आहत होती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती संत-महात्माओं की परंपरा से समृद्ध रही है और ऐसे में किसी भी धार्मिक व्यक्तित्व पर बिना तथ्यात्मक आधार के टिप्पणी करना निंदनीय है। हिंदू सनातन मंच ने पूर्व मुख्यमंत्री से अपने बयान पर संयम बरतने और सार्वजनिक जीवन में मर्यादित भाषा का प्रयोग करने की अपील की है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू समाज अपने धार्मिक विश्वासों और संत परंपरा के सम्मान की रक्षा के लिए संगठित और सजग है।

## खबर-खास

### कलेक्टर श्री उइके ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं, आवेदनों के त्वरित निराकरण के दिये निर्देश




**गरियाबंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर बीएस उइके ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आये लोगों की मांग,समस्याएं एवं शिकायतें सुनी ।कलेक्टर ने आज जनदर्शन में 21 लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम मुरमुरा की भगवती बाई साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रतिक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए,ग्राम मुढ़ीपानी के सरजुराम ने वन भूमि के संबंध में,ग्राम कोकड़ी की साक्षी साहू ने पेंशन दिलाने के लिए,ग्राम कोकड़ी के बुधराम साहू ने रकबा में सुधार कराने एवं नाम जुड़वाने के लिए, ग्राम कुरूद के जितेन्द्र कुमार साहू ने श्रम आईडी में त्रुटी सुधार कराने के लिए,नगर पंचायत फिंगेश्वर के हिमांशु निर्मलकर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फिंगेश्वर में काम दिलाने के लिए,ग्राम बेलर के प्रीतम चंद साहू ने राजस्व अभिलेख में त्रुटी सुधार कराने के लिए,नगर पंचायत कोपरा के नगरवासियों ने पानी निकासी एवं नहर में लाईनिंग के लिए,ग्राम बेलटुकरी के लखनलाल साहू ने समस्या का निराकरण कराने के लिए,ग्राम मुरमुरा के अशोक कुमार यादव ने वन परिक्षेत्र पाण्डुका अंतर्गत चौकीदार का काम दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये ।इस पर कलेक्टर श्री उइके ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चन्द्राकर,अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सभी एसडीएम,जनपद सीईओ सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### ग्राम कटौद में अवैध धान भंडारण पर की गई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में राजस्व विभाग एवं सहकारिता विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम कटौद में अवैध धान भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के दौरान जांच टीम ने पहारु ट्रेडर्स के परिसर से 50 कट्टी तथा कश्यप ट्रेडर्स से 60 कट्टी, कुल 110 कट्टी धान का अवैध भंडारण पाए जाने पर मौके पर ही जब्ती की कार्रवाई की गई है। कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी प्रकार के अवैध भंडारण, कोचिया-बिचौलिया गतिविधियों पर लगातार कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सतत निगरानी, आकस्मिक निरीक्षण तथा कार्रवाई जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

### राजनांदगांव में एचआईवी संक्रमितों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के सहयोग से जनकल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा संचालित लिंक वर्कर स्कीम परियोजना के तहत आज सीएमओ कार्यालय में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एचआईवी संक्रमितों के साथ हो रहे कलंक और भेदभाव को खत्म करना, उन्हें एआरटी (एंटी रेट्रोवाइरल थेरापी) सेंटर से जोड़ना और सोशल प्रोटेक्शन योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी देना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया उपस्थित थीं। उन्होंने एचआईवी से संबंधित समाज में व्याप्त भेदभाव और कलंक पर चर्चा करते हुए बताया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य जीवन जी सकते हैं और इसके लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। डॉण् लुनिया ने सभी को नजदीकी आईसीटीसी सेंटर से संपर्क करने और एआरटी सेंटर की सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में दिशा कार्यक्रम के स्टाफडॉ. दीपक सरकार ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि डीआरपी जितेंद्र कुमार जंघेल ने लिंक वर्कर स्कीम परियोजना की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस जागरूकता कार्यक्रम में 60 से अधिक एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति, लिंक वर्कर स्टाफ, आईसीटीसी, एआरटी और एसटीआई सेंटर के कर्मचारी शामिल हुए। सभी ने कार्यक्रम की सराहना की और इसके माध्यम से समाज में एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर यह भी बताया गया कि एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए और वे भी अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठा सकते हैं।

# पदुमतरा में 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा 2 जनवरी से



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** राजनांदगांव से खैरागढ़ मार्ग में स्थित ग्राम पदुमतरा में आगामी 2 जनवरी से 8 जनवरी तक श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन किया गया है। आयोजन स्थल श्रीराम मंदिर के पास पदुमतरा में व्यास पीठ बनाया गया है। इस में व्यास पीठ से प्रवचनकर्ता छत्तीसगढ़ के गौरव माटीपुत्र राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य पंडित रामानुज युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर/देवभोग होंगे। संपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार से है, जिसमें मां बग्लामुखी यज्ञ दिनांक-1 जनवरी 2026, भागवत कथा विवरण 2 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार, कलश यात्रा, भागवत प्रारंभ गोकर्ण कथा 3 जनवरी 2026 दिन शनिवार, नारद कथा परिक्षित चरित्र 04 जनवरी 2026 दिन रविवार श्रृष्टि रचना वराह अवतार 5 जनवरी 2026 दिन-सोमवार ध्रुव चरित्र प्रहलाद कथा वामन अवतार 06 जनवरी 2026 दिन-मंगलवार श्री कृष्ण जन्म, पूतना वध माखन चोरी लीला 07 जनवरी 2026 दिन बुधवार वृन्दावन में कृष्ण लीला व रुखमणी विवाह 08 जनवरी 2026 दिन गुरुवार सुदामा चरित्र भागवत समापन गीतादान पुर्णाहुति। कथा समय प्रतिदिन 12 बजे से रखा गया है। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रावणपान करने के लिए समस्त श्रोता समाज बड़ी संख्या में उपस्थित रहने हेतु आयोजक द्वारा अपील किये है। आयोजक समिति श्रीराम मंदिर ट्रस्ट, महिला मंडल भागवत समिति व पदुमतरा के समस्त ग्रामवासी सहित भुनेश्वर बघेल, ओमप्रकाश साहू, मोहन साहू, दिनेश ठाकुर, भागीरथी साहू, ललित चांदतारे, रतन यादव, राकेश साहू, सौरभ वैष्णव, मनोज वैष्णव ने अपील किया है।

# धान खरीदी तिहार किसानों के लिए खुशियों और राहत की सौगात - ऑनलाइन टोकन, पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान ने बढ़ाया भरोसा



**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ शासन की समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। शासन की इस किसान हितैषी व्यवस्था ने खेतों में महीनों की मेहनत करने वाले अन्नदाताओं के चेहरों पर संतोष और आत्मविश्वास की मुस्कान ला दी है। कड़ी धूप, बारिश और मौसम की अनिश्चितताओं के बीच खेतों में दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार करने वाले किसानों के लिए यह खरीदी व्यवस्था उनकी मेहनत का सच्चा सम्मान बनकर सामने आई है। जिले के सभी धान उपार्जन केंद्रों में खरीदी की प्रक्रिया तेज़ी और सुव्यवस्था के साथ जारी है। ऑनलाइन व ऑफलाइन टोकन व्यवस्था, सरल प्रक्रिया और समयबद्ध भुगतान ने किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा से मुक्त किया है। इसी क्रम में धान उपार्जन केंद्र पेंड्री में पहुँचे किसान श्री नरेश रात्रे ने 30.80 क्विंटल धान का विक्रय किया। उन्होंने बताया कि फसल उगाने में बीज, खाद, सिंचाई और श्रम पर काफी मेहनत व लागत आती है, ऐसे में जब उपज का सही मूल्य समय पर मिल जाता है, तो किसान का मनोबल कई गुना बढ़ जाता है। किसान श्री रात्रे ने कहा कि केंद्र में नमी परीक्षण, तौल, टोकन वितरण सहित पूरी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित है। उन्होंने विशेष रूप से तुंहर टोकन मोबाइल ऐप की सराहना करते हुए बताया कि इस डिजिटल सुविधा ने भीड़, लंबी कतारों और अनावश्यक इंतजार की समस्या को पूरी तरह खत्म कर दिया है। घर बैठे ऑनलाइन टोकन बुक कर निर्धारित समय पर पहुँचते ही धान की खरीदी हो जाती है, जिससे समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की यह व्यवस्था किसानों की मेहनत को सही सम्मान देने वाली है। धान खरीदी केंद्रों में छांव, पेयजल, शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध होने से किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती और वे सम्मानपूर्वक अपनी उपज विक्रय कर पा रहे हैं। जिले में कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे के निर्देशन में प्रशासनिक टीम द्वारा धान खरीदी केंद्रों की लगातार निगरानी की जा रही है। बेहतर प्रबंधन, सतत मॉनिटरिंग और सुव्यवस्थित व्यवस्था के कारण जिले में धान खरीदी कार्य पूर्ण पारदर्शिता, गति और सुगमता के साथ संपन्न हो रहा है।

# शूटआउट में कवर्धा को हराकर राजनांदगांव चैंपियन, राज्य स्तरीय फ्लड लाइट 7-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीता




**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** जिला हॉकी संघ राजनांदगांव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तरीय रात्रिकालीन फ्लड लाइट 7-ए-साइड हॉकी प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में राजनांदगांव ने संकल्प अकादमी कवर्धा को शूटआउट में 4-1 गोल से पराजित किया। निर्धारित समय तक मुकाबला 2-2 गोल की बराबरी पर रहा, जिसके बाद मैच का फैसला शूटआउट से हुआ।

छत्तीसगढ़ हॉकी से मान्यता प्राप्त जिला हॉकी संघ कवर्धा द्वारा 25 से 28 दिसंबर 2025 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 8 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला दर्शकों के लिए बेहद रोमांचक रहा, जिसमें दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन हॉकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया। उन्होंने बताया कि राजनांदगांव की टीम ने पहले मुकाबले में स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर को 5-1 से हराया। इस मैच में खुशाल यादव ने 2 गोल किए, जबकि संदीप ठाकुर, शकील अहमद और सोनू निषाद ने 1-1 गोल दागे।

इसके बाद राजनांदगांव ने जिला हॉकी कवर्धा को 2-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में टीम का सामना हॉकी दुर्ग से हुआ। यह मुकाबला भी काफी संघर्षपूर्ण रहा। मध्यांतर तक स्कोर 2-2 से बराबर था, लेकिन अंतिम समय में राजनांदगांव ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3 गोल दागे। दुर्ग की टीम ने भी 2 गोल किए, पर अंततः राजनांदगांव ने यह मैच 5-4 से जीतकर फाइनल में जगह बनाई।

फाइनल में संकल्प अकादमी कवर्धा को शूटआउट में मात देकर राजनांदगांव की टीम ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

विजेता टीम में शकील अहमद, मनीष यादव (मुसी), मिथलेश पंड्या, खुशाल यादव, संदीप ठाकुर, आदित्य मेश्राम, संदीप यादव, खेमराज सिन्हा, सोनू निषाद और सुखदेव निर्मलकर शामिल थे। टीम के कोच प्रतीक तिवारी और मैनेजर तौफीक अहमद रहे।

टीम की इस उपलब्धि पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे सहित नीलम जैन, भूषण साव, कुतुबुद्दीन सोलंकी, रमेश डाकलिया, प्रकाश सांखला, ज्ञानचंद जैन, आशा थॉमस, प्रिंस भाटिया, महेंद्र ठाकुर, गुणवंत पटेल, रणविजय प्रताप सिंह, तीरथ गोस्वामी, अजय झा, प्रकाश शर्मा, अब्दुल कादिर, राजू रंगारी, अनुराज श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील के आयरन ओर बेनिफिसिएशन प्लांट विस्तार के लिए लोक सुनवाई संपन्न



**किरंदुल/दंतेवाड़ा ( समय दर्शन )।** आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा क्षमता विस्तार के तहत प्रस्तावित आयरन ओर बेनिफिसिएशन प्लांट के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लोक सुनवाई का आयोजन किया गया। यह सुनवाई बीआईओपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड, किरंदुल में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

प्रस्तावित परियोजना के तहत आयरन ओर बेनिफिसिएशन प्लांट की उत्पादन क्षमता को मौजूदा 8 मिलियन टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 12 मिलियन टन प्रति वर्ष करने का प्लान है। इस विस्तार के लिए कुल 39.83 हेक्टेयर (98.43 एकड़) क्षेत्र का उपयोग प्रस्तावित है।

लोक सुनवाई में प्रभावित ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने परियोजना से होने वाले संभावित विकास कार्यों का स्वागत किया और रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल तथा स्थानीय अधोसंरचना विकास से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव कंपनी प्रबंधन के समक्ष रखे।

साथ ही, प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण, विस्थापन एवं मुआवजे, स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता आधार पर रोजगार तथा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (छ्रस्क्र) के प्रभावी क्रियान्वयन जैसी चिंताओं पर जोर दिया। वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास जरूरी है, लेकिन यह स्थानीय लोगों के हितों और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखकर ही होना चाहिए। कंपनी के अधिकारियों ने सभी सुझावों और आपत्तियों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि पर्यावरणीय मानकों का पूर्ण अनुपालन किया जाएगा तथा स्थानीय समुदाय के हित में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। लोक सुनवाई लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। अब इसकी कार्यवाही रिपोर्ट पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए संबंधित प्राधिकरण को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने किया निर्माणाधीन प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण

### नगर निगम कमिश्नर के साथ मौके पर पहुंचे पदाधिकारी..



**बिलासपुर ( समय दर्शन )।** प्रेस क्लब बिलासपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने आज निर्माणाधीन प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान अध्यक्ष अजित मिश्रा, उपाध्यक्ष विजय क्रांति तिवारी, सचिव संदीप करिहार, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्य कैलाश यादव, बिलासपुर नगर निगम के नवनियुक्त आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के साथ मौके पर मौजूद रहे..

निरीक्षण के दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष अजीत मिश्रा ने नगर निगम आयुक्त से चर्चा करते हुए कहा कि प्रेस क्लब का भवन बीते कई महीनों से बंद पड़ा है, जिससे पत्रकारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग रखी कि भवन का 15 दिनों के भीतर रेनोवेशन कार्य पूर्ण कर प्रेस क्लब को सौंपा जाए.. अध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि प्रेस क्लब भवन के बंद रहने से पत्रकारों के बैठने, कार्य करने और संवाद स्थापित करने की सुविधाएं प्रभावित हो रही हैं, पत्रकारों को न तो उचित बैठक स्थल मिल पा रहा है और न ही सामूहिक गतिविधियों के लिए कोई स्थान उपलब्ध है, जिससे दैनिक कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है..

उन्होंने नगर निगम से आग्रह किया कि पत्रकार हितों को ध्यान में रखते हुए प्रेस क्लब भवन का नवीनीकरण शीघ्र पूरा कर इसे पुनः चालू किया जाए, ताकि शहर के पत्रकारों को एक सशक्त और सुव्यवस्थित कार्यस्थल मिल सके.. नगर निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्य में तेजी लाने का आश्वासन दिया..

# यूट्यूब से सीखी नोट छापने की 'कला', एचपी प्रिंटर से बना डाले 1.70 लाख के नकली नोट; पति-पत्नी गिरफ्तार



**भिलाई ( समय दर्शन )।** दुर्ग पुलिस ने एक ऐसे शातिर दंपति को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने अमीर बनने के लिए शॉर्टकट रास्ता चुना। साधारण दिखने वाले इस पति-पत्नी ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर नकली नोट छापना सीखा और घर को ही 'छोटा नासिक' बना दिया। पुलिस ने इनके पास से 1 लाख 70 हजार 500 रुपए की फेक करेंसी और कलर प्रिंटर जब्त किया है।

### सजी बाजार में खपा रहे थे नोट

रायपुर के सोनपैरी निवासी अरुण कुमार तुरंग और उसकी पत्नी राखी तुरंग नकली नोट लेकर रानीतराई के साप्ताहिक बाजार पहुंचे थे। वहां उन्होंने तुलेश्वर सोनकर नाम के किसान से 60 रुपए के मटर-मिर्च खरीदे और 500 का नोट थमा दिया। कुछ देर बाद जब बाजार में नकली नोट चलने की खबर फैली, तो तुलेश्वर ने अपना नोट चेक किया। नंबर 9श्वक्क143736 वाले उस नोट को गौर से देखने पर उसके नकली होने का पता चला।

### 9 व्यापारियों को लगाया चूना, ऐसे पकड़े गए

दंपति ने सिर्फ तुलेश्वर ही नहीं, बल्कि बाजार के 9 अन्य छोटे व्यापारियों को भी अपना शिकार बनाया। ठगी का अहसास होते ही व्यापारियों ने एकजुट होकर पुलिस को सूचना दी। रानीतराई पुलिस ने घेराबंदी कर बाजार से ही दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी अरुण ने कबूला कि उसने ऑनलाइन कलर प्रिंटर मंगाकर घर पर ही नोट छापे थे।

### घर पर मिली नोटों की गड्डियां

पुलिस जब आरोपियों के घर पहुंची, तो वहां का नजारा देख दंग रह गई। घर से 1,65,300 रुपए के छपे हुए नकली नोट और प्रिंटिंग सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस (क्चहृस्) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है।

### धान खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति से समिति प्रभारियों की बढ़ी समस्या

**महासमुन्द ( समय दर्शन )।** महासमुन्द जिले में धान खरीदी को लेकर सहकारी समितियों के प्रभारियों को अब धान का सही समय में उठाव नहीं होने से पड़ प्रभारी परेशानी मे है। धान का उठाव नहीं होने से समिति प्रभारियों की समस्या बढ़ गई है। राज्य के 2739 खरीदी केंद्रों में लगभग 16 सौ खरीदी केंद्रों में बंफर लिमिट से अधिक धान रखा हुआ है। जहां धान खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बन गई है। धान का उठाव नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रों में धान रखने की समस्या हो रही है, जिससे किसानों के साथ बड़ प्रभारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थिति को देखते हुए भी मार्कफेड और खाद्य विभाग के अधिकारी सुस्ती बरत रहे हैं। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष धान बेचने के लिए 27 लाख 43 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया है।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने 5.74 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

### कवर्धा विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए 5 करोड़ 74 लाख 87 हजार रुपए की लागत से तीन महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। इन सड़क निर्माण कार्यों से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलने के साथ-साथ विकास को भी नई गति मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सर्वप्रथम मेन रोड से ग्राम कटगो तक 6.81 किलोमीटर लंबी सड़क के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस सड़क का निर्माण 3 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से किया जाएगा। सड़क के निर्माण से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से निजात मिलेगी और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग से सीधा संपर्क स्थापित होगा। इसके पश्चात उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मेन रोड से खिरसाली तक 4 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, जिसकी लागत 1 करोड़ 36 लाख 50 हजार रुपए है। वहीं मेन रोड



से लाटा तक 2.80 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का भी विधिवत भूमिपूजन किया गया जिसकी लागत 1 करोड़ 02 लाख 90 हजार है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने ग्राम कटगो के ग्रामवासियों को इस बड़ी सौगात के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को लेकर पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि ग्राम कटगो में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 263 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनका निर्माण कार्य वर्तमान में प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि गांवों में अधोसंरचनात्मक विकास को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी कि आगामी नववर्ष के अवसर पर 01 जनवरी को भोरमदेव कॉरिडोर का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि भोरमदेव कॉरिडोर के निर्माण से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और कवर्धा जिले को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी ग्रामवासियों को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह कॉरिडोर क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सदस्य लोकचंद साहू, राम किंकर वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भव्य भूमिपूजन नए साल में



### उपमुयमंत्री विजय शर्मा ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**कवर्धा ( समय दर्शन )।** पहली जनवरी को छत्तीसगढ़ के पर्यटन विकास को नई दिशा देने वाले भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन होने जा रहा है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की पहल से लगभग 146 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस परियोजना का भूमिपूजन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से संपन्न होगा। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने सोमवार को भोरमदेव मंदिर परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुख्य मंच व बैठक व्यवस्था, जनसमुदाय के बैठक व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात, पार्किंग, पेयजल सहित आयोजन से संबंधित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने कहा कि भोरमदेव मंदिर परिसर अपनी प्राचीन स्थापत्य कला और धार्मिक आस्था के लिए प्रसिद्ध है। पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत सड़क, पार्किंग, व्यू प्वाइंट, पर्यटक सुविधा केंद्र, सौंदर्यीकरण एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाएगा। इससे न केवल पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जाए। भोरमदेव कॉरिडोर इसी सोच का परिणाम है, जो आने वाले वर्षों में क्षेत्र की पहचान को और मजबूत करेगा। भोरमदेव पर्यटन कॉरिडोर का भूमिपूजन न केवल नए साल की शुरुआत को खास बनाएगा, बल्कि छत्तीसगढ़ के पर्यटन मानचित्र पर एक नई उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा। यह परियोजना राज्य के ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, सभापति डॉ वीरेंद्र साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा, एएसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल, एडीएम विनय पोयाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## खम्हारपाली चेकपोस्ट में बसों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

### नृपनिधी पाण्डेय

**सरायपाली ( समय दर्शन )।** परिवहन मुख्यालय से वरिष्ठ अधिकारियों के बसों की जांच के निर्देश पर चेकपोस्ट खम्हारपाली में प्रभारी अधिकारी विष्णु ठाकुर के नेतृत्व में अखिल भारतीय पर्यटक परमिट पर चलने वाली बसों की लगातार सघन जांच की जा रही है,। जांच में बसों के परमिट ,नियमानुसार मोटरयान कर, यात्री सूची, सहित सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है,जांच के दौरान अखिल भारतीय पर्यटक परमिट की बसों में आगे पीछे अखिल भारतीय पर्यटन यान लिखाने की हिदायत वाहन मालिको एवं चालकों को दी जा रही है। अखिल भारतीय पर्यटक परमिट का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है,इस माह अखिल भारतीय पर्यटक परमिट पे चलने वाली 14 बसों पर कार्यवाही करते हुए 68 हजार शमन शुल्क वसूल कर शासन के खाते में जमा कराया गया है ।बार बार परमिट शर्तों का उल्लंघन करने पर परमिट निलंबन कराने की चेतावनी भी दी जा रही है ।




उक्त बसों के अलावा भी स्पेशल परमिट तथा अस्थायी परमिट में चलने वाली बसों की भी जांच की जा रही है 44 स्पेशल परमिट , अंतर्राज्यीय मंजिली बसों अस्थायी परमिट की बसों पर कार्यवाही कर एक लाख बहत्तर हज़ार रू शमन शुल्क वसूल किया गया है । अब तक कुल 52 बसों पर कार्यवाही कर 2 लाख 40 हजार शमन शुल्क जमा कराया गया है,

चेक पोस्ट में मालवाहक वाहनो की लगातार जांच की जा रही है, मोटरयान नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर वाहनो पर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है और शासन से निर्धारित राजस्व लक्ष्य की पूर्ति हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं

सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइस दी जा रही है आगामी जनवरी माह में सड़क सुरक्षा माह मनाया जाएगा जिसको मद्देनजर सभी वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने एवं सुरक्षित चलने की हिदायत दी जा रही है,,

## सियारामचंद्र जी हम सबके कण कण में बसे हैं- अशोक साहू

**पाटन ( समय दर्शन )।** संगीत मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में चार दिवसीय मानस महोत्सव के 27वें वर्ष का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ ।समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग थे,अध्यक्षता राजेश ठाकुर सरपंच,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने की,विशेष अतिथि रवि सिन्हा सभापति जप,रश्मि भेदप्रकाश वर्मा सदस्य जप,बेनीराम साहू प्राधिकृत अधिकारी,भोज रघुवंशी,भविष्य जैन ने सिया रामचंद्र जी,हनुमंत महराज की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख,समृद्धि,खुशहाली की मंगलकामना किए। मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने सियारामचंद्र जी हम सबके कण कण में बसे हैं ।निपानी में लगातार 27 वर्षों से हो रहे आयोजन के लिए आयोजक समिति बधाई के पात्र हैं।धार्मिक आयोजन से हमारी संस्कृति,आस्था,परंपरा को जीवंत रखने में सहायक सिद्ध होती है ।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भांचा



राम के प्रति सच्ची श्रद्धा से छत्तीसगढ़ को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई थी। ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मानस महोत्सव में हमारी धर्म के प्रति आस्था का जनजागरण नई पीढ़ियों के लिए सुगम रास्ता तय करेगी ।मंच संचालक लेखनी वर्मा मानस मर्मज्ञ ने तहसील मानस भवन पाटन में प्रदान करने लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया। महोत्सव में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष योगेश सिंह ठाकुर ने किया। इस दौरान डॉ थानेश्वर सिन्हा,टीकेंद्र सिन्हा,रोहित सोनकर,रमेश यादव,संतोष ठाकुर,ऐश्वर्य ठाकुर,धनेश सिन्हा,गौरव सिन्हा,राजेश सिंह ठाकुर,संतोष सिन्हा,गौरव सिन्हा,लोकेश सिन्हा,धनीराम सिन्हा,जागेंद्र सिन्हा,तोरणलाल साहू उपसरपंच,राहुल रघुवंशी,झूमक रघुवंशी,चेतन पाण्डे,अनिल सिन्हा,खोमन सिन्हा,नारद,यशवंत साहू, जयप्रकाश सिन्हा,इतवारी ठाकुर,सुरेन्द्र सिन्हा,रमेश साहू,रणधीर निर्मल,दुलार यादव,दुकालू निषाद सहित रामभक्त एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कछारडीह में बड़े धूमधाम से मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती

**महासमुन्द( समय दर्शन )।** सतनाम धर्म के प्रवर्तक परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की269 वीं जयंती ग्राम कछारडीह में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।



इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के जिला अध्यक्ष विजय बंजारे, अध्यक्षता युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजराम चौलिक, तथा विशेष अतिथि के तौर पर धरम पटेल जिला पंचायत प्रतिनिधि, पारस पटेल, राम भजन नायक,भागवत साहू,सेवक राम साहू, श्यामलाल साहू, मनोहर साहू, बेनु पटेल, गोवर्धन यादव की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत जैतखाम की पूजा अर्चना व बाबा गुरु घासी दास जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात पंथी पार्टी हाथीगढ़ की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई।

मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष विजय बंजारे ने सभा को संबोधित करते हुए सतनाम संस्कृति पर विस्तृत जानकारी देते हुए खानी,बानी,व सियानी के बारे में बताया और बाबा जी के द्वारा दिए गए उपदेशों एवं संदेशों को स्वयं में आत्मसात करने की अपील की। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तेजराम चौलिक ने सभा को संबोधित करते हुए समस्त ग्राम वासियों को शिक्षा एवं नशा मुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने का आग्रह किया।

जिला पंचायत प्रतिनिधि धरम पटेल ने गुरु पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सामाजिक सद्भावना बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में पंथी पार्टी हाथीगढ़ की उत्कृष्ट प्रदर्शन ने सब का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलाल टंडन पूर्व सरपंच के द्वारा एवं आभार प्रदर्शन राकेश टंडन के द्वारा की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग उपस्थित थे।

## बिसोरा और भेरिया के बीच फाइनल मुकाबला आज़




### बंसूला तीसरा और जैजैपुर चौथा विजेता

**बिर्रा ( समय दर्शन )।** दशहरा मैदान बिर्रा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला में बिसोरा और भेरिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई है ।जिनके बीच हजारों की दर्शकों की संख्या में फाईनल मुकाबला खेला जाएगा। विजेता को समीति द्वारा 60000 रूपए,रनर अप उपविजेता को कृष्णा स्वीट्स जलपान गृह और निषाद हाटल बिर्रा की ओर से 30000 रूपये प्रदान किया जाएगा। तीसरा पुरस्कार मां मोबाइल द्वारा 10000 रूपए, चतुर्थ नामदेव श्रृंगार सदन द्वारा 5000 रूपये व सभी पुरस्कारों में स्व भीष्म देव सिंह ( मंत्री बाबा) की स्मृति में सोमू बाबा राजमहल बिर्रा द्वारा चैंपियन ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा ।मैन ऑफ द सीरीज रेंजर साईकिल मानिक सायकल स्टोर,मैन ऑफद मैच फाइनल 2100 रूपए ट्राफी मेमन इलेक्ट्रॉनिक बिर्रा द्वारा। आज़ दुसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू जी विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि खेल खिलाड़ी जिन्दाबाद जिन्दाबाद। और सभी शामिल टीम व आयोजन समिति की तारिफकरते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रामराज्य पांडेय, सोमू बाबा,कमलेश कश्यप,विशाल सिसोदिया,हीराराम बंजारे, जितेन्द्र तिवारी,रज्जाक खां,आजम खां, कृष्णा साहू, डॉ कुश पटेल, जागेश्वर कहरा,अमित, मन्ना,सागर, अतुल ,रियाज़,राजा, सौरभ, सिराज, रिंकी, बीनू ब्लागर, लक्ष्मी, विजय थवाईत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## 'ऑपरेशन निश्चय'' के तहत गरियाबंद पुलिस द्वारा 40 किलो ग्राम के अवैध गांजा के साथ 4 अंतराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद ( समय दर्शन7 )।**''ऑपरेशन निश्चय'' के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज,अमरेश मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन में रेंज स्तर पर ऑपरेशन निश्चय चलाया जा रहा है ।जिसके परिपालन में समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अवैध गांजा,हीरा के साथ वन्य जीवों के तस्करी पर रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था ।इसी तरतम्य में 29 दिसम्बर को थाना प्रभारी पाण्डुका को जरिये मूखबीर सूचना मिला कि एक चार पहिया वाहन सिल्वर कलर की इुण्डई औरा



में गांजा परिवहन कर गरियाबंद से राजिम की ओर निकलने वाली है ।इस सूचना पर थाना के बाहर एन एच 130 में नाकाबंदी कर गरियाबंद से राजिम की ओर जाते हुए संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी ।चेकिंग के दौरान एक सिल्वर रंग का हुण्डई औरा कार क्रमांक यूपी 64 एएम 4953 को आते देख रोका गया। कार के चालक एवं कार में बैठने वालों का नाम पता पुछे जाने पर कार चालक द्वारा अपना नाम शुभम सिंह पिता राम प्रताप सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ढेंकी पोस्ट खुटार थान वैढन जिला संगरौली (म.प्र.) एवं साथ में बैठे संदेहियों ने अपना नाम शिवमूरत सिंह पिता यदुनाथ सिंह उम्र 23 वर्ष निवासी करकोसा पोस्ट पचौर थाना पचौर जिला सिंगरौली (म.प्र.), धर्मेन्द्र कुमार पनिका पिता संतराम पनिका उम्र 35 वर्ष निवासी भौडार पोस्ट पीपरा थाना परीगवां जिला सिंगरौली (म.प्र.) एवं मुकेश सिंह पिता सुदामा सिंह उम्र 30 वर्ष निवासी भौडार पोस्ट पीपरा थाना बरीगवां जिला संगरौली (म.प्र.) का रहना बताया गया ।संदेहियों व कार की तलाशी के दौरान पीछे डिग्गी में रखे दो सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी के अंदर ब्राउन टेप से लिपटा हुआ 39 नग ब्राउन टेप से लिपटा हुआ पाया गया ।उक्त अवैध गांजा मादक पदार्थ को समक्ष गवान के तौल करवाने पर 40 किलो ग्राम होना पाया गया, जिसकी कीमती 20 लाख रूपये व घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक यूपी 64 एएम 4953 एवं 4 नग मोबाइल को समक्ष गवाहन के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया ।आरोपियों का उक्त कृत्य अपराध धारा 20(बी)पप(सी) नारकोटिक्स एक्ट का पाये जाने से थाना पाण्डुका में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी शुभम सिंह,शिवमूरत सिंह,धर्मेन्द्र कुमार पनिका एवं मुकेश सिंह को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश की जाती है ।प्रकरण में संलिप्त अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है। एण्ड टू एण्ड कार्यवाही करते हुए आरोपियों की पृथक से गिरफ्तार की जाएगी ।उक्त कार्यवाही में थाना पाण्डुका पुलिस एवं साइबर टीम की विशेष भूमिका रही।

## संक्षिप्त-खबर

### स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार, अब शहर के जाने माने स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ विनीता साहू का महिमा अस्पताल उतई में ओपीडी सेवा शुरू



**उतई ( समय दर्शन )।** उतई के महिमा अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की लगातार सेवा यहां कर मरीजों को मिल रही है। नए नए अत्याधुनिक सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। अब अस्पताल पहले से भी अत्याधुनिक स्वास्थ्य उपकरण से सुसज्जित है। इसी कड़ी में अब स्त्री और प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ विनीता साहू MBBS DNB OBS & Gaynae प्रति रविवार सुबह 11 से 2 बजे तक महिमा हास्पिटल उतई मरीजों की सेवा के लिए उपलब्ध रहेगी। जनवरी माह के पहले रविवार को चेकअप निशुल्क किया जाएगा।

### तेज रफ्तार अनियंत्रित हाइवा सड़क किनारे घर में घुसी, पास के रूम में सो रहे थे पूरा परिवार, तेज आवाज आई तो सब चौक गए



**पाटन ( समय दर्शन )।** सेलूद से गाड़ा डीह मार्ग में फेकारी में एक घर में तेज रफ्तार हाइवा घुस गई। यह घटना बीती रात्रि को बताई जा रही है। जिस समय घटना हुई उस समय बाजू के रूम में पूरा परिवार सो रहा था। एक रूम के बाद दूसरे रूम तक पहुंचती तो बड़ी घटना घट सकती थी। इस मार्ग पर हाइवा तेजी में चलती है। जिसे की हमेशा खतरा बना हुआ है।

### टिकेश्वर पटेल को मिला योग और चिकित्सा क्षेत्र में समाज गौरव सम्मान



**पाटन ( समय दर्शन )।** समीप के गांव सावनी गांव के रहने वाले टिकेश्वर पटेल जो योग के धनी वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर है ,जिन्होंने बहुत सारे उपलब्धि हासिल कर समाज और छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम रौशन किया । छत्तीसगढ़ प्रकोष्ठ मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव कार्यक्रम शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के अलग अलग जिले से प्रतिभावान छात्र छात्राओं को और जो विशेष रूप में जो अपनी मुकाम में पहुंच पाए है उनको उड़ान पुरस्कार और समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। समाज और छत्तीसगढ़ प्रदेश में इस तरह आगे बढ़े और अपने प्रतिभा को उजागर कर नाम रौशन करे ,इस तरह कटघोरा विधानसभा विधायक माननीय प्रेमचंद पटेल ,और समाज के विशिष्ट अतिथियों के माध्यम से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ सबने आशीर्वाद प्रोत्साहन दिया।

### ग्राम गुजरा (भाठापारा) में आज मनाई जाएगी गुरु घासीदास बाबा की जयंती

**पाटन ( समय दर्शन )।** ग्राम गुजरा ( भाठापारा) में सतनाम पंथ के प्रवर्तक परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी की 269वीं जयंती के अवसर पर एक दिवसीय धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन दिनांक 31 दिसंबर 2025 को किया जाएगा। साथ ही अखाड़ा,डीजे के साथ भव्य शोभायात्रा,ध्वजारोहण एवं महाभोग भंडारा व भव्य मंडाई मिलन समारोह के साथ रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसा का आयोजित किया जाएगा। जिसमें कलाकार अंतरराष्ट्रीय लोक गायिका पूनम तिवारी व दिव्या तिवारी अपनी प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम के आयोजक जय सतनाम युवा समिति ग्राम गुजरा ( भाठापारा) हैं। उक्त जानकारी हमें प्रमोद पहरी ( गुजरा) द्वारा प्राप्त हुआ।

### 5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में खेलो इंडिया बिलासपुर बनी चैंपियन

**राजनांदगांव।** 5वीं रुद्राक्षम् वेलफेयर सोसाइटी छत्तीसगढ़ हॉकी लीग अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन, फइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री अरूण साव, कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, नीरज बाजपाई तथा तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू उपस्थित रहे।

अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी एवं स्वर्ण पदक विजेता एनआईएस हॉकी कोच मृणाल चौबे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अतिथियों को इस अखिल प्रतियोगिता हॉकी प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2021-23